

राष्ट्रीय दैनिक

# बुद्ध का संदेश

हिन्दी समाचार पत्र

लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।



म्यूजिक वीडियो आसमान ...8





दैनिक बुद्ध का संदेश | 9795951917,9415163471 | @budhakasandesh | budhakasandeshnews@gmail.com | www.budhakasandesh.com

गुरुवार, 22 सितंबर 2022 सिद्धार्थनगर संस्करण | www.budhakasandesh.com | वर्षः 09 अंकः 273 पृष्ठ 8 आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड– SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड–133569 | सम्पादक : राजेश शर्मा | उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त


## नहीं रहे कॉमेडियन राजू श्रीवास्तव, डेढ़ महीने से अस्पताल में जिंदगी और मौत से जूझ रहे थे

नई दिल्ली। लोकप्रिय हास्य कलाकार और अभिनेता राजू श्रीवास्तव का बुधवार सुबह दिल्ली के एम्स अस्पताल में निधन हो गया। राजू श्रीवास्तव को 10 अगस्त को दिल का दौरा पड़ने के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वह तभी से जीवन रक्षक प्रणाली (वेंटिलेटर) पर थे। राजू श्रीवास्तव की 10 अगस्त को ही एंजियोप्लास्टी हुई थी। वह तभी से बेहोश थे। उनके भाई दीपू श्रीवास्तव ने पिछले सप्ताह बताया था कि उनके भाई धीरे–धीरे ठीक हो रहे हैं, लेकिन वह अभी भी बेहोश हैं। उल्लेखनीय है कि राजू श्रीवास्तव को जिम के दौरान दिल का दौरा पड़ा था जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

हम आपको बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी राजू श्रीवास्तव की पत्नी को कॉल करके कॉमेडियन की तबीयत के बारे में पूछा था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से पहले स्टैंडअप कॉमेडियन राजू श्रीवास्तव की तबीयत के बारे में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी हालचाल ले चुके थे।

उल्लेखनीय है कि राजू श्रीवास्तव का जन्म 25 दिसंबर 1963 को कानपुर में हुआ था। उनके पिता, रमेश चंद्र श्रीवास्तव, प्रसिद्ध कवि थे। वो बलाई काका के नाम से कविता सुनाया करते थे। राजू ने एक साक्षात्कार में बताया था कि बचपन में उनको भी कविता सुनाने को कहा जाता था जिसके बाद वह जन्मदिन समारोहों में कविताएं सुनाया करते थे।



राजू श्रीवास्तव के कॅरियर पर एक नजरः 1982 में राजू श्रीवास्तव मुंबई आए थे। एक साक्षात्कार में राजू श्रीवास्तव ने बताया था कि मुंबई में शुरुआती दिनों में अपना गुजारा करने के लिए उन्होंने ऑटो रिक्शा भी चलाया था। उन्होंने बॉलीवुड फिल्मों में छोटे–छोटे रोल करके अपने फिल्मी कॅरियर की शुरुआत की थी। उन्होंने सलमान खान की श्मैंने प्यार कियाश फिल्म में एक ट्रक क्लीनर का छोटा–सा रोल भी किया था। शाहरुख खान की फिल्म बाजीगर में राजू श्रीवास्तव कॉलेज स्टूडेंट के रोल में दिखे थे। इसके अलावा उन्होंने आमदनी अठन्नी खर्चा रुपइया, वाह तेरा क्या कहना, मैं प्रेम की दीवानी हूं जैसी फिल्मों में छोटी भूमिकाएं भी की थीं। वर्तमान में राजू श्रीवास्तव उत्तर प्रदेश फिल्म विकास परिषद के अध्यक्ष हैं और यूपी में बन रही फिल्म सिटी परियोजना को देख रहे थे। वह भाजपा के लिए चुनाव प्रचार भी करते रहे हैं।

अभिनय क्षेत्र की बात करें तो राजू श्रीवास्तव की जिंदगी तब बदल गई थी जब उन्होंने 2005 में स्टार वन के पॉपुलर शो द ग्रेट इंडियन लाफ्टर चौलेंज में भाग लिया था। यह शो काफी लोकप्रिय रहा था और राजू श्रीवास्तव की पहुँच हर घर तक हो गयी थी। इसके बाद राजू श्रीवास्तव ने एक और लोकप्रिय रियलिटी शो बिग बॉस सीजन–3 में भी भाग लिया था। कॉमेडी शो महामुकबाला सीजन–6 और नच बलिए जैसे शो में भी राजू श्रीवास्तव नजर आ चुके हैं। नच बलिए में राजू श्रीवास्तव अपनी पत्नी के साथ नजर आए थे।

फिल्मों के प्रति अपनी रुचि के बारे में राजू श्रीवास्तव ने एक साक्षात्कार में बताया था कि अमिताभ बच्चन की शोले फिल्म देखने के बाद उन्हें यह फिल्म बहुत ही अच्छी लगी थी और अमिताभ के किरदार का असर उन पर पड़ा था। जिसके बाद उन्होंने उनके जैसा, उठना, बैठना बोलना शुरू कर दिया था। अमिताभ की मिमिक्री में सफल रहने के बाद राजू ने अन्य कलाकारों की आवाजें निकालना भी शुरू कर दिया था। राजू श्रीवास्तव रोजमर्रा की गतिविधियों को हास्य के साथ इस तरह जोड़ कर प्रस्तुत करते थे कि लोग हंसते हंसते पागल हो जाते हैं। फिलहाल तो सभी के चेहरे पर मुस्कान बिखेरने वाले राजू खुद जिंदगी और मौत के बीच चल रही जंग हार गये हैं जिससे उनके करोड़ों प्रशंसकों को निराशा हुई है।

## हिंदू भक्त के अजमेर दरगाह में जाने से क्या वो मुसलमान बन जाएगा?

### महबूबा की आपत्ति पर बोले फारूकः मैं भी भजन गाता हूं

जम्मू । जम्मू कश्मीर में स्कूलों में रघुपति राघव भजन गाने को लेकर विवाद लगातार बरकरार है। एक तरफ जहां पीडीपी की प्रमुख महबूबा मुफ्ती इसे लेकर बीजेपी के केंद्रीय नेतृत्व पर निशाना साध रही हैं। वहीं पूर्व मुख्यमंत्री फारुक अब्दुल्ला का रूख महबूबा मुफ्ती से बेहद ही अलग है। उन्होंने कहा कि वे भी भजन गाते हैं, इसमें गलत क्या है? फारूक अब्दुल्ला ने पूछा कि भारत एक धर्मनिरपेक्ष देश है और भजन करने में क्या गलत है। हम द्वि–राष्ट्र सिद्धांत में विश्वास नहीं



करते हैं। भारत एक धर्मनिरपेक्ष देश है। अगर मैं भजन करता हूं तो क्या यह गलत है? उन्होंने महबूबा मुफ्ती का मजाक उड़ाया और पूछा कि क्या एक हिंदू भक्त अजमेर दरगाह में जाने पर मुसलमान बन जाएगा। महबूबा मुफ्ती ने ट्विटर पर स्कूली छात्रों के साथ महात्मा गांधी के पसंदीदा भजन श्रघुपति राघव राजा रामश गाते हुए एक वीडियो साझा किया था। उन्होंने तर्क दिया कि यह भाजपा का हिंदुत्व का एजेंडा है। महबूबा मुफ्ती ने कहा, ष्कश्मीर में धार्मिक विद्वानों को कैद करने, जुमा मस्जिद को बंद करने और स्कूली बच्चों को हिंदू भजन सुनाने के लिए मजबूर करने से केंद्र सरकार के हिंदुत्व के एजेंडे का पर्दाफाश होता है।

## पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रन योजना, 4345 बच्चों की कर रही है मदद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल पीएम केयर्स फंड के न्यासी बोर्ड की बैठक की अध्यक्षता की। पीएम केयर्स फंड की मदद से की गई विभिन्न पहलों पर एक प्रस्तुति दी गई, जिसमें पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रन योजना भी शामिल है, जो 4345 बच्चों का मदद कर रही है। ट्रस्टियों ने देश के लिए महत्वपूर्ण समय में फंड द्वारा निभाई गई भूमिका की सराहना की। पीएम मोदी ने पीएम केयर्स फंड में योगदान देने के लिए देश के लोगों की सराहना की। पीएम केयर्स फंड का अभिन्न अंग बनने के लिए प्रधानमंत्री ने ट्रस्टियों का स्वागत किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि नए ट्रस्टियों और सलाहकारों की भागीदारी से पीएम केयर्स फंड के कामकाज को व्यापक दृष्टिकोण मिलेगा। सार्वजनिक जीवन का उनका विशाल अनुभव विभिन्न सार्वजनिक जरूरतों के लिए कोष को अधिक उत्तरदायी बनाने में और अधिक शक्ति प्रदान करेगा।




ट्रस्टियों ने देश के लिए महत्वपूर्ण समय में फंड द्वारा निभाई गई भूमिका की सराहना की। पीएम मोदी ने पीएम केयर्स फंड में तहे दिल से योगदान देने के लिए देश के लोगों की सराहना की। प्रधानमंत्री ने ट्रस्टियों का पीएम केयर्स फन का अभिन्न अंग बनने के लिए स्वागत किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि नए ट्रस्टियों और सलाहकारों की भागीदारी से पीएम केयर्स फंड के कामकाज को व्यापक दृष्टिकोण मिलेगा। सार्वजनिक जीवन का उनका विशाल अनुभव विभिन्न सार्वजनिक जरूरतों के लिए कोष को अधिक उत्तरदायी बनाने में और अधिक शक्ति प्रदान करेगा।

## शिवाजी पार्क में दशहरा रैली, उद्धव कैंप पहुंचा बॉम्बे हाईकोर्ट

मुंबई। महाराष्ट्र में शिवसेना के उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाले गुट ने मध्य मुंबई के शिवाजी पार्क में वार्षिक दशहरा रैली आयोजित करने की अनुमति के लिए बुधवार को बंबई उच्च न्यायालय का रुख किया। याचिका शिवसेना और



उसके सचिव अनिल देसाई ने दायर की है। याचिका में कहा गया है कि पार्टी उच्च न्यायालय का रुख करने के लिए विवश है क्योंकि मुंबई नगर निकाय ने अब तक रैली की अनुमति के लिए अगस्त में भेजे गए उसके आवेदनों पर निर्णय नहीं लिया है। याचिका में शिवाजी पार्क में शिवसेना की दशहरा रैली के आयोजन के लिए बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) को तत्काल अनुमति देने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया है। बुधवार को न्यायमूर्ति आर.डी. धानुका की अध्यक्षता वाली खंडपीठ के समक्ष याचिका का उल्लेख किया गया, जिसमें तत्काल सुनवाई का अनुरोध किया गया है। पीठ ने इसे बृहस्पतिवार को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया। शिवसेना ने अधिवक्ता जोएल कार्लोस के माध्यम से दायर अपनी याचिका में कहा कि पार्टी 1966 से शिवाजी पार्क में हर साल दशहरा रैली का आयोजन कर रही है और बीएमसी ने हमेशा इसकी अनुमति दी है।

## अमेरिका ने चीन के सर्वश्रेष्ठ लड़ाकू विमान को बताया कूड़ा–करकट

### 2027 तक की ताइवान प्लानिंग पर कही ये बात

वासिंगटन। ताइवान के मुद्दे पर चीन और अमेरिका के बीच तनातनी लगातार जारी है। दोनों देशों के बीच लगातार बयानबाजी का दौर भी जारी है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने बीते दिनों ये कहकर ड्रैगन को और परेशान कर दिया कि यदि चीन स्वशासित ताइवान पर हमला करने की कोशिश करता है, तो अमेरिकी सेना उसकी रक्षा करेगी। जिसके बाद बौखलाए चीन ने पलटवार करते हुए कहा कि अमेरिका से स्पष्ट रूप से कहा कि वह देश को विभाजित करने के उद्देश्य से की गयी किसी भी गतिविधि को कतई बर्दाश्त नहीं करेगा और अपनी संप्रभुता की रक्षा करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएगा। अब एक बार फिर



अमेरिका की तरफ से चीन को लेकर निशाना साधा गया है। प्रशांत क्षेत्र में अमेरिकी वायु सेना के प्रमुख चीन की चुनौती को कमतर नहीं आंकते। लेकिन जब ताइवान पर संभावित आक्रमण की बात आती है, तो उनका मानना है कि बीजिंग और उसके शीर्ष सैन्य योजनाकारों को द्वीप राष्ट्र पर कब्जा करने की उनकी क्षमता के बारे पहले सोचना चाहिए। पीएसीएएफ कमांडर जनरल केनेथ विल्सबैक ने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि चीन का जे–20, जो उत्पादन में सबसे उन्नत लड़ाकू है वो कूड़ा–कड़कट के समान है। अमेरिकी पांचवें –जेन फाइटर्स चीनी निर्मित जेट विमानों के मुकाबले अमेरिकी पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान बेहद उन्नत हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या चीन 2027 तक ताइवान पर आक्रमण करने में सक्षम होगा। वजह ये है कि इस तारीख को कई अधिकारियों ने वर्षों से निर्धारित किया।

## कांग्रेस अध्यक्ष के साथ सीएम पद पर भी बने रहेंगे गहलोत!

### कहा- दो पद नॉमिनेटेड की बात हुई थी, ये तो ओपन इलेक्शन है

जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने आज राज्य के कांग्रेस विधायकों को स्पष्ट संकेत दिए कि उन्होंने राहुल गांधी के चुनाव नहीं लड़ने की स्थिति में कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए चुनाव लड़ने का मन बना लिया है। गहलोत का ये रूख तब सामने आया जब पार्टी नेतृत्व ने संकेत दिया कि कांग्रेस प्रमुख सोनिया गांधी सहित गांधी परिवार के सदस्यों के प्रस्तावक के रूप में किसी भी उम्मीदवार के नामांकन पत्र पर हस्ताक्षर करने की संभावना नहीं है। गांधी परिवार की तरफ से यह दिखाने के लिए कि वे ष्तटस्थष रहेंगे। समझा जाता है कि मंगलवार शाम कांग्रेस विधायकों की एक औचक बैठक में गहलोत ने कहा कि वह एक वफादार पार्टी के व्यक्ति हैं और नेतृत्व जो भी निर्णय लेगा, उसका पालन करेगा।



उन्होंने उनसे कहा कि वह बुधवार को दिल्ली में सोनिया से मिलेंगे। गहलोत आज राहुल गांधी से मिलने के लिए केरल गए हैं। वो उन्हें ष्एक आखिरी बारष चुनाव लड़ने और कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में वापस आने के लिए मनाने के लिए कहेंगे। अशोक गहलोत के कांग्रेस अध्यक्ष पद संभालने के साथ ही इस बात की भी चर्चा रही कि क्या वो राजस्थान के मुख्यमंत्री का पद छोड़ देंगे। आज मीडिया से बात करते हुए उन्होंने संकेत तो ऐसे दिए कि वो अध्यक्ष पद और सीएम पद दोनों ही पर बने रहेंगे।






## मधुसूदन मिस्त्री से मिले शशि थरूर, जानें कांग्रेस अध्यक्ष पद चुनाव को लेकर क्या हुई बात

कांग्रेस अध्यक्ष का चुनाव को लेकर हलचल लगातार बढ़ती जा रही है। कांग्रेस अध्यक्ष पद के चुनाव की जिम्मेदारी मधुसूदन मिस्त्री को दी गई है। सबसे बड़ा सवाल यही है कि आखिर कांग्रेस का अगला अध्यक्ष कौन होगा? अब तक की चर्चा के मुताबिक अशोक गहलोत और शशि थरूर चुनाव लड़ सकते हैं। एक से अधिक उम्मीदवार होने की स्थिति में 17 अक्टूबर को मतदान कराए जाएंगे और 19 को नतीजे आएंगे। 24 से 30 सितंबर के बीच नामांकन दाखिल किए जा सकते हैं। इन सबके बीच आज शशि थरूर ने मधुसूदन मिस्त्री से मुलाकात की है। मुलाकात के बाद मधुसूदन मिस्त्री ने कहा कि हमने कांग्रेस के अध्यक्ष चुनाव




के संबंध में उनके (शशि थरूर) सभी सवालों का जवाब दिया। हमने उन्हें चुनावी नियम, एजेंटों की संख्या और उनकी भूमिकाओं के बारे में समझाया, चुनाव के लिए फॉर्म कैसे भरें, इस पर चर्चा की।

मधुसूदन मिस्त्री ने यह भी कहा कि जो लोग (कांग्रेस अध्यक्ष के लिए) चुनाव लड़ना चाहते हैं, वे 10 प्रतिनिधियों के हस्ताक्षर प्राप्त कर अपना नामांकन दाखिल कर सकते हैं। चुनाव के लिए मतदान 17 अक्टूबर को और मतगणना 19 अक्टूबर को होगी। राजस्थान के सीएम अशोक गहलोत के बयान पर मधुसूदन मिस्त्री ने कहा कि संविधान में उल्लेख किया गया है कि कोई भी व्यक्ति राष्ट्रपति चुनाव के लिए इस शर्त पर लड़ सकता है कि वह (कांग्रेस) प्रतिनिधि हो। आज एक व्यक्ति और एक पद को लेकर सवाल पूछा गया तो गहलोत ने कहा कि दो पद नॉमिनेटेड की बात हुई थी ,ये तो ओपन इलेक्शन है यहाँ कोई भी खड़ा हो सकता है। कोई विधायक, सांसद, मंत्री, मुख्यमंत्री है।

# विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या करने का किया प्रयास

## -एम्बूलेंस न मिलने से ऑटो रिक्शा से लेकर भागे परिजन

मिल्कीपुर–अयोध्या। पुलिस चौकी देवगांव अंतर्गत मेवापुर गांव में 26 वर्षीय विवाहिता राजवती ने घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या करने का किया प्रयास मौके पर पहुंचे परिजनों ने आनन–फानन में उपचार के लिए अस्पताल ले गए से जहां पर डॉक्टरों ने हालत गंभीर देखते हुए जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। कुमारगंज थाना क्षेत्र के पहाड़पुर मेवापुर गांव में 26 वर्षीय विवाहिता राजवती पत्नी राजेंद्र कुमार अपने घर के अंदर छज्जे में लगे हुक में दुपट्टा का फंदा लगाकर लटक गई।परिवार के अन्य सदस्य दूसरे मकान मैं मौजूद थे, उसी बीच विवाहिता की ननंद राधा चार्जिंग में लगी मोबाइल को निकलने गई तो देखा कि भाभी दुपट्टे के फंदे से लटकी हुई है इतना देखते ही वह गुहार लगाते हुए वह घर से बाहर निकली। गुहार की आवाज सुनकर दूसरे घर में मौजूद परिजन किसी मौके पर पहुंचकर किसी तरीके से दुपट्टे को काटकर विवाहिता को उतार लिया। और उसको पहले उपचार के लिए सीएचसी खंडासा ले गए जहां पर डॉक्टरों ने देखते ही जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया था।

लेकिन ससुर राम भरोसे ने उसको जिला चिकित्सालय न ले जाकर सौ शैय्या संयुक्त चिकित्सालय कुमारगंज ले गए जहां पर डॉक्टरों ने हालत गंभीर देखते ही जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। उसके बावजूद भी लोगों उपचार कराने के लिए अस्पताल नहीं ले जा रहे थे, अस्पताल में मौजूद डॉक्टर अनमोल पाठक ने मामले की जानकारी चौकी प्रभारी एनडीए संतोष कुमार मौर्या को दी। वह भी मौके पर पहुंचे एंबुलेंस के लिए काफी प्रयास किया लेकिन एंबुलेंस नहीं मिल सकी। फिलहाल परिजन 108 एंबुलेंस को फोन करते रहे लेकिन एंबुलेंस उपलब्ध नहीं हो पाई जिसके चलते परिवार के सदस्य ऑटो रिक्शा से ही लेकर अस्पताल में निकल पड़े। परिजनों का कहना है कि आए दिन पति पत्नी में खाना पीना बनाने को लेकर विवाद हुआ करता था आज जब घटना घटित हुई तो राजेंद्र कुमार खेत से पशुओं के लिए चारा लाने गया हुआ था। किस बात को लेकर आत्महत्या करने का प्रयास किया इसका जवाब किसी के पास नहीं रहा।

# प्राधिकरण सचिव को भारी पड़ी माझा जमथरा में भूमाफियायो के खिलाफ कार्रवाई

अयोध्या। अयोध्या। माझा जमथरा में अरबो के जमीन घोटाले की तपिश का शिकार शासन ने उसे ही बना दिया जिसने अवैध भूमाफियायो के खिलाफ मोर्चा खोला था। यह बात तब सामने आई जब शासन ने भूमाफियायो की अवैध प्लॉटिंगों के खिलाफ बुलडोजर चलाने वाले अफसर अयोध्या विकास प्राधिकरण के सचिव रहे डॉ संजीव कुमार का तबादला कर दिया है। चर्चा तो यह भी है कि सत्ता के गलियारे तक लंबी पहुंच रखने वाले भूमाफियायो व जमीन घोटाले में शामिल सत्ताधारी नेताओ ने अवैध पालटिंगों के खिलाफ चले प्राधिकरण के अभियान से घबराकर अपने आकाओं की मदद से सचिव का तबादला कराया है। जिससे कि की प्राधिकरण अब उनकी अवैध प्लाटिंग में कार्य मे अवरोध न बन सके।

इस तबादले से एक और संदेश देने की कोशिश भूमाफिया गैंग ने की है कि उनकी पहुंच सत्ता के गलियारों तक है उनके अवैध कार्यो में अवरोध बनने वाले का यही हाल होगा।

बता दे कि सांसद लल्लू सिंह द्वारा मुख्यमंत्री को माझा जमथरा में हो रही अवैध पालटिंगों और जमीन घोटाले को लेकर एसआईटी जांच कराने के लिए पत्र लिखा गया था। जांच होने से पहले ही शासन ने अयोध्या विकास प्राधिकरण के सचिव डा संजीव कुमार को हटा दिया है। बताया तो यह भी जा रहा है कि नगर में अवैध प्लॉटिंग और अवैध भवन निर्माण के खिलाफ कार्यवाही का खामियाजा डा कुमार को भुगतना पड़ा है। प्राधिकरण सचिव डॉ संजीव कुमार को ललितपुर में एडीएम न्यायिक के पद पर भेजा गया है। वहीं उनके स्थान पर सिटी मजिस्ट्रेट रहे सत्येंद्र सिंह को तैनाती मिली है। उन्होंने अपना नया पदभार संभाल लिया है। जबकि सिटी मजिस्ट्रेट के तौर पर हापुड़ से अरविंद द्विवेदी को स्थानांतरित किया गया है। बीकापुर में न्यायिक मजिस्ट्रेट का दायित्व संभाल रहे डिप्टी कलेक्टर विपिन द्विवेदी को शासन ने सहायक नगर आयुक्त तैनात किया है। दूसरी ओर डिप्टी कलेक्टर विपिन द्विवेदी ने भी सहायक नगर आयुक्त का पदभार संभाल लिया है। इसके अलावा विकास प्राधिकरण में पहले ओएसडी के तौर पर महेंद्र कुमार सिंह तैनात हुए हैं।

# सड़कों की बदहाली के चलते हो रही परेशानी

अयोध्या। समाजवादी पार्टी की निवर्तमान महिला सभा अध्यक्ष सरोज यादव ने अपने साथियों के साथ एसडीएम सदर राम सिंह शुक्ला को मांग पत्र सौंपते हुए कहा की हमारे शहर की सभी सड़क जगह जगह चाहे वह हाईवे हो या सर्विस लेन की हालत बहुत जर्जर है कहीं–कहीं तो गड्ढा में तब्दील हो गई हैं जिससे आए दिन दुर्घटना भी होती रहती है जिसकी वजह से लोगो को अपनी जान भी गंवाना पड़ता है। आवागमन बाधित हो रहा है, इसी में त्यौहार भी नजदीक है लेकिन सुरक्षा एवं सड़क की मरम्मत की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। यादव ने कहा की नगर निगम की सभी व्यवस्थाएं बद से बदतर हैं इससे अच्छा नगरपालिका अपना काम करती थी कम से कम सुविधा नहीं थी तो पैसा भी नहीं लेती थी। निगम में नए 41 जुड़े गांव लावारिस की तरह है जहां किसी प्रकार की कोई व्यवस्था नहीं उपलब्ध कराई गई है फिर भी टैक्स के नाम पर बेधड़क वसूली हो रही है ।सड़कों पर बिछी वाटर पाइप लाइन जगह–जगह से लीक हो रही है जिससे पानी की बर्बादी हो रही है एवं सड़क खराब भी हो रही है, गली मोहल्ले के लोग परेशान है लेकिन कहां जाए क्योंकि नगर निगम में ना

# पुरानी पेंशन बहाली को लेकर शिक्षक संघ ने दिया धरना

## शिक्षामित्रों व अनुदेशकों को नियमित करने की उठाई मांग

अयोध्या। अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ से सम्बद्ध उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने तिकोनिया पार्क में धरना दिया। धरना दे रहे शिक्षकों ने शिक्षामित्रों व अनुदेशकों को नियमित करने की भी मांग उठाई। जिलाध्यक्ष डा संजय सिंह ने बताया कि सभी जिलों में आज प्रदर्शन हो रहा है। उन्होंने कहा कि पुरानी पेंशन समेत चार मांगों को लेकर यह धरना किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शिक्षा मित्रों और अनुदेशकों का शासन द्वारा शोषण किया जा रहा है। शिक्षक विरोधी प्रावधानों को शिक्षा नीति से हटाया जाए। उन्होंने कहा कि सातवें वेतन आयोग को लागू करने की मांग भी शामिल है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार राजस्थान, छत्तीसगढ़ आदि राज्यों में पुरानी पेंशन लागू कर चुकी है उसी तर्ज पर उत्तर प्रदेश के साथ सम्पूर्ण भारत देश में पुरानी पेंशन को अविलंब लागू किया जाय। जिला मंत्री प्रेम कुमार वर्मा ने कहा कि जब तक सरकार पुरानी पेंशन लागू नहीं कर देती है तब तक हम शिक्षक मजबूती से अपना संघर्ष जारी रहेगा। ब्लाक मंत्री रुदौली अशोक वर्मा नेसरकार की निजीकरण नीति को पेंशन में सबसे बड़ी बाधा बताया। उन्होंने बताया कि नई शिक्षा नीति में काफी नियम शिक्षकों के हित में तर्कसंगत नहीं हैं ऐसी विसंगति को समाप्त किया जाय। शिक्षक नेता और ब्लाक संयोजक सोहावल विकास खण्ड के अवधेश यादव ने कहा कि जिस प्रकार से किसानों ने अपनी एकता, त्याग बलिदान और अनवरत संघर्ष के बल पर किसान बिल को वापस लेने के लिए सरकार को मजबूर कर दिया , उसी प्रकार हमारा संगठन भी लगातार संघर्ष जारी रखेगा जब तक सरकार पेंशन देने के लिए मजबूर नहीं होती। बीकापुर ब्लाक के संयोजक दंगल सिंह जी ने संगठन की एकता के बल पर संघर्ष करते रहने का संदेश दिया। धरने के अन्त में राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री मुख्य मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार को संबोधित एक ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा गया । ज्ञापन में में मांग की गई कि पुरानी पेंशन योजना को तत्काल बहाल किया जाय। शिक्षामित्र, शिक्षाकर्मी आदि विभिन्न नामों के तहत कार्यरत सभी संविदा कर्मियों को नियमित किया जाय। इस मौके पर पर सचिन त्रिपाठी, अवधेश यादव, दंगल सिंह , राजेश कुमार, उमा शंकर, राज कुमार वर्मा, रंजना वर्मा, अमिताभ सिंह, रंजीत यादव, अशोक यादव, अशोक वर्मा, अटेवा जिलाध्यक्ष विजय प्रताप सिंह, अटेवा जिलामंत्री उमा शंकर शुक्ल, विकास आदि मौजूद रहे।

# नवनिर्मित खड़ंजे को उखाड़ने का लगाया आरोप

गोसाईगंज–अयोध्या। गोसाईगंज कोतवाली इलाके के एक गांव की महिला प्रधान ने गांव के ही चार लोगों पर नवनिर्मित खड़ंजे को उखाड़ने का आरोप लगाया है।मामले में कोतवाली पुलिस ने महिला प्रधान की शिकायत पर चारो के खिलाफ केस दर्जकर विवेचना एसआई रामबिलास वर्मा को सौंपी है।दिए गए शिकायती पत्र में में देवरा दाऊदपुर की महिला प्रधान शशिप्रभा सिंह बबली का कहना है कि बीते11सिम्बर को देवरा दाऊदपुर गांव में राजस्व टीम व कोतवाली पुलिस टीम की मौजूदगी में पैमाइस करवाकर खण्डजा लगवाया गया।आरोप है कि उसी रात में गांव के ही निवासी शिवनारायण,सत्यनारायण पुत्रगण रमेश्वर,धर्मेंद्र,शैलेन्द्र पुत्रगण रामनारायण ने रात्रि में खड़ंजे को उखाड़ दिया और आधे से ज्यादा ईंटो को भी उठा ले गए।एसएचओ केके मिश्र के मुताबिक महिला प्रधान की शिकायत पर केस दर्जकर मामले की पड़ताल कराई जा रही।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में उद्योग बंधु की बैठक संपन्न

दैनिक बुद्ध का संदेश

तुलसीपुर/बलरामपुर। जिलाधिकारी डॉ महेंद्र कुमार की अध्यक्षता में जिला उद्योग बंधु की बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा संचालित महत्वकांक्षी स्वरोजगार योजना प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, प्रधानमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, एक जनपद एक उत्पाद वित्तपोषण सहायता योजना की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी द्वारा बैंक में लंबित आवेदन पत्रों का शत–प्रतिशत निस्तारण किए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कोई भी आवेदन पत्र बिना किसी ठोस कारण के अस्वीकृत ना किया जाए, यदि आवेदन पत्र में थोड़ी बहुत कमी है तो लाभार्थी से संपर्क कर उसको दूर कर लिया जाए। बैठक से नदारद पंजाब नेशनल बैंक के जिला समन्वयक के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही का निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त उद्योग राजेश कुमार पांडे, लीड बैंक मैनेजर, सहायक मैनेजर उद्योग अखिलेश कुमार सिंह, समस्त बैंकों के जिला समन्वयक व अन्य संबंधित अधिकारीध्कर्मचारी गण

# डॉट नाले की मरम्मत के लिए नमामि गंगे के विशेषज्ञों की टीम लगी

कानपुर। ब्रह्म नगर चौराहे पर सोमवार को सड़क धंस गई। आशंका है कि सड़क के नीचे से गुजर रही पाइप लाइन में लीकेज हो गया है। फिलहाल पुलिस ने बेरीकेडिंग लगा दी है। खुदाई शुरु हुई। वहीं अफीम कोठी चौराहे पर धंसे डॉट नाले की मरम्मत के लिए नमामि गंगे के विशेषज्ञों की टीम लगाई गई है। नाले की सफाई के साथ ही अस्थायी नाला बनाने का काम भी शुरू किया जाएगा। इसमें लगभग 20 दिन लगेंगे। नगर निगम के अधिशासी अभियंता आरके सिंह ने बताया कि नाला बनाने में कई अड़चनें आ रही हैं। इस पर 30 लाख रुपये खर्च का आकलन है। नाले के पास के जर्जर मकानों को खाली करने का नोटिस दिया जा चुका है।

# गिरीश चंद्र पांडेय अध्यक्ष तो सरताज अहमद अंसारी बने जिला कार्यवाहक अध्यक्ष

## उ.प्र. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन वेलफेयर एसोसिएशन की जिला इकाई गठन

दैनिक बुद्ध का संदेश

तुलसियापुर, सिद्धार्थनगर। विकास भवन के प्रांगण में उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वावधान में जिला इकाई का गठन हुआ। संयुक्त राज्य कर्मचारी परिषद, पेंसनर्स एसोसिएशन और चतुर्थ श्रेणी संघ के जिला अध्यक्ष की उपस्थिति में बैठक कर पदाधिकारियों को चुना गया। सिद्धार्थनगर के विकास भवन के प्रांगण में उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वावधान में आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के हित में कार्य करने के लिए जिला इकाई का गठन किया गया। जिसमें उत्तर प्रदेश में वेलफेयर एसोसिएशन की परिचय और उद्देश्य पर चर्चा किया गया। संयुक्त राज्य कर्मचारी परिषद के जिला अध्यक्ष अनिल सिंह ने कर्मचारियों की समस्या और विकास को लेकर कहा वर्तमान में आउटसोर्सिंग कर्मचारियों पर तानाशाही रैवेया सरकार व एजेंसियों द्वारा किया जाता है। जिस कारण कर्मचारियों पर मानसिक तनाव के उनके परिवार की आर्थिक स्थिति पर बुरा प्रभाव पड़ता है। पेंसनर्स एसोसिएशन के अवधेश यादव ने कहा हम सबको मिलकर यह लड़ाई लड़ना है जो बात नोकरी देते वक्त कहा गया था उसे कागजों तक सीमित नहीं रखने देना है। चतुर्थ श्रेणी संघ के आनंद गौतम ने कहा एकता में शक्ति है। संविधान के अनुसार हम लोगों को आगे की रणनीति पर कार्य करना होगा। बैठक में सर्वसम्मति से गिरीश चंद्र पांडेय जिला अध्यक्ष तो सरताज अहमद अंसारी को जिला कार्यवाहक अध्यक्ष चुना गया। रजनीश तिवारी वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अरुण विक्रम जिला मंत्री, मुकेश कुमार संरक्षक, विमलेश कुमार सहसंरक्षक, ललिता देवी उपाध्यक्ष, अजित कुमार संगठन मंत्री, प्रेम कुमार तिवारी सहसंगठन मंत्री, शिव प्रसाद संयुक्त मंत्री, प्रमोद मिश्र कोषाध्यक्ष, राम गिरी संप्रेक्षक, सुशीला सह संप्रेक्षक, अजय कुमार और चंद्र प्रकाश को मीडिया प्रभारी बनाया गया। जिला इकाई मे चुने गए सभी पदाधिकारियों ने संकल्प के साथ पूरी ईमानदारी से कार्य करने के लिए प्रतिज्ञा लिया।



# इंटर कॉलेजों के नवीन मानक एवं मान्यता का शिक्षक करेंगे विरोध–रीता चौधरी

## वित्तविहीन शिक्षक संघ कल करेगा कलेक्ट्रेट में धरना प्रदर्शन

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। इंटर कॉलेजों की मान्यता एवं मानक में नवीन नियमों से आम जनमानस को विद्यालय की मान्यता कराना आसान नहीं होगा शासन ऐसे नवीन मानक एवं मान्यता की शर्तों में तत्काल परिवर्तन करें अन्यथा माध्यमिक शिक्षक संघ वित्तविहीन गुट विरोध प्रदर्शन करने को मजबूर होगा यह बातें माध्यमिक शिक्षक संघ वित्तविहीन गट की प्रांतीय महिला महासचिव रीता चौधरी ने कही है उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ वित्तविहीन गुट के आह्वान पर कलेक्ट्रेट परिसर में आगामी 23 सितंबर को शिक्षक धरना प्रदर्शन करेंगे इस बात की जानकारी संघ महिला प्रदेश महासचिव रीता चौधरी ने दी है उन्होंने बताया कि मौजूदा सरकार ने माध्यमिक विद्यालयों की नवीन मान्यता एवं नवीनीकरण के नियमों में काफी जटिलता कर दी है इससे आम जनमानस विद्यालय संचालन कर पाना अथवा मान्यता लेना आसान नहीं होगा सरकार द्वारा मान्यता की नवीन शर्तों के विरोध में वित्तविहीन माध्यमिक शिक्षक संघ शिक्षकों को लेकर धरना प्रदर्शन करेगा धरना प्रदर्शन के बाद मुख्यमंत्री संबोधित ज्ञापन सौंपा जाएगा उन्होंने जिले के सभी माध्यमिक वित्तविहीन इंटर कॉलेजों के शिक्षकों से अपील किया है कि धरना प्रदर्शन में शामिल होकर अपनी ताकत का एहसास कराएं ताकि नवीन मान्यता एवं मानक की शर्तें लागू ना होने पाए। उन्होंने धरना प्रदर्शन में जिले के सभी वित्तविहीन स्कूलों के प्रबंधक प्रधानाचार्य एवं शिक्षकों से अपील किया है कि वह अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अपना विरोध बताएं ताकि इस समस्या का समय रहते समाधान हो सके धरना प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए जिला अध्यक्ष रजत वर्मा उमेश कुमार चौधरी चंद्रभान वर्मा सहित अन्य पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है।



# कृषि उत्पादन संगठनों द्वारा बड़े पैमाने पर किया जाए उत्पादन, ब्रांडिंग एवं विपणन–जिलाधिकारी

## थारु जनजाति के लोगों को बकरी पालन, कुक्कुट पालन के प्रति जागरूक कर आर्थिक रूप से सशक्तकिए जाने का जिलाधिकारी ने दिया निर्देश

दैनिक बुद्ध का संदेश

तुलसीपुर/बलरामपुर। जिलाधिकारी डॉ महेंद्र कुमार की अध्यक्षता में कृषि उत्पादन संगठन के कार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। छोटे, सीमांत और भूमिहीन किसानों को उनके उत्पादन का अच्छी कीमत मिल सके, इसके लिए कृषि उत्पादन संगठन का गठन किया जाता है,जो कि किसानों का एक समूह होता है। कृषि उत्पादन संगठन द्वारा कृषि से जुड़ी व्यवसायिक गतिविधियों का संचालन किया जाता है। कृषि उत्पादन संगठन कंपनी एक्ट में रजिस्टर्ड होती है। कृषि उत्पादन संगठन को खाद,बीज,दवाइयां एवं कृषि उपकरण आदि खरीदना आसान होता है, जिससे सेवाएं सस्ती मिलती है और उत्पादन के अच्छे भाव मिलने लगते हैं। यह जानकारी बैठक में उप निदेशक कृषि द्वारा दी गई। उन्होंने बताया कि जनपद में कुल 14 कृषि उत्पादन संगठन का गठन किया गया है जिनके द्वारा कृषि व्यवसायिक गतिविधियां संचालित की जा रही है, जनपद में कृषि उत्पादन संगठनों द्वारा विभिन्न कृषि उत्पाद की प्रोसेसिंग एवं ब्रांडिंग की जा रही है। जिलाधिकारी द्वारा सभी विकास खंडों में अधिक से अधिक किसानों को कृषि उत्पादन संगठनों से जोड़े जाने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि जनपद के विभिन्न क्षेत्रों की विशेषता के अनुसार कृषि व्यवसायिक गतिविधियों का चयन करते हुए कृषि उत्पादन बढ़ाते हुए उत्पादन की ब्रांडिंग कृषि उत्पादन संगठन के माध्यम से किया जाए, जिससे कि अधिक से अधिक किसानों को उनके उत्पादन का अच्छा मूल्य मिल सके। थारू जनजाति क्षेत्र में बकरी पालन, कुक्कुट पालन के लिए जागरूक करते हुए उनका आर्थिक सशक्तिकरण किए जाने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में मशरूम की खेती एवं लेमन ग्रास की खेती का वृहद संभावना है। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक किसानों एवं स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को मशरूम की खेती एवं लेमन ग्रास की खेती के लिए प्रेरित किया जाए तथा उनको कृषि उत्पादन संगठनों से जोड़ते हुए ब्रांडिंग करते हुए बाहर के मार्केट में भेजा जाए। उन्होंने कहा कि कृषि उत्पादन संगठन जनपद के कृषि उत्पादों का बेहतर तरीके से प्रोसेसिंग एवं ब्रांडिंग, विपणन करें इसके लिए उनको हर प्रकार की मदद प्रदान की जाएगी। जिलाधिकारी द्वारा दुग्ध विकास समिति को जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में कलेक्शन प्वाइंट बनाए जाने का निर्देश दिया गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी राम अभिलाष, उप निदेशक कृषि प्रभाकर सिंह, जिला विकास अधिकारी गिरीश चंद पाठक, उपायुक्त स्वतः रोजगार सूबेदार सिंह, परियोजना निदेशक डीआरडीए चंद्र प्रकाश श्रीवास्तव, जिला कृषि अधिकारी आरपी राणा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, सहायक निदेशक मत्स्य, जिला पंचायत राज अधिकारी, कृषि उत्पादन संगठन के सीईओ व अन्य संबंधित अधिकारीध्कर्मचारी

# स्वच्छ रहेगे तभी हम स्वस्थ रहेगे :सांसद जगदंबिका पाल






दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। भारतीय जनता पार्टी द्वारा सेवा पखवाड़ा सप्ताह के अंतर्गत आज बृहद बृक्षा रोपण एवम् स्वच्छता दिवस का कार्यक्रम कंदवा बाजार स्थित अमृत सरोवर पर किया गया जिस के मुख्य अतिथि निवर्तमान जिलाध्यक्ष लाल जी त्रिपाठी व विशिष्ठ अतिथि डुमरियागंज के सांसद जगदंबिका पाल इंदिरा नगर वार्ड के सभासद एवं जिला मंत्री फतेह बहादुर सिंह, महामंत्री पद्माकर बाबा, राधे बाबा ,मनोज सिंह सदर खंड विकास अधिकारी ने वृक्षारोपण किया तथा स्वच्छता अभियान के तहत परिसर की सफाई किया तथा आयोजित गोष्ठी में जल ही जीवन है के बारे में जल संरक्षण के बारे में सांसद ने लोगो को बताया तथा लाल जी त्रिपाठी ने स्वच्छता से होने वाले फायदे के बारे में सभी को बताया कि जब हमारा देश स्वच्छ रहेगा तभी देश आगे बढ़ेगा सांसद के द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों एवं छोटी जगह छोटी जगहों पर सांसद द्वारा किए जा रहे स्वच्छता अभियान कार्यक्रम को मंडल अध्यक्ष ने सराहा सांसद द्वारा स्वच्छता अभियान के बारे में सभी को जागरूक किया और कहा कि जैसे हमारे लोकप्रिय प्रधानमंत्री सामाजिक कार्य में अपनी रुचि दिखाते हैं वैसे हम सभी को भी आगे बढ़कर समाजिक कार्यों में हिस्सा लेना चाहिए स्वच्छता अभियान उसी कार्यक्रम का एक हिस्सा है और हमें अपने आस–पड़ोस हर जगह स्वच्छता रखनी चाहिए हम स्वच्छ रखेंगे तभी हम स्वस्थ रह पाएंगे कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मंडल अध्यक्ष चिल्हिया रमेश मणि त्रिपाठी ने आए हुए अतिथियों का एवं सभी सम्मिलित लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन किया इस अवसर पर प्रधान प्रतिनिधि कालीचरण यादव सांसद प्रभारी सूर्यप्रकाश पांडेय ध्रुव जायसवाल बदन सिंह सतीश सिंह ग्रीस कुमार अनिल अग्रहरी मनोज सिंह मझील बाबा आदि मौके पर मौजूद रहे।

# अंत्योदय की परिकल्पना को साकार कर रही मोदी-योगी सरकार-सिद्धार्थ पाठक

## सेवा पखवाड़ा के तहत भाजपा कार्यकर्ताओं ने बर्डपुर के झंगटी में अमृत सरोवर परिसर में चलाया स्वच्छता अभियान






दैनिक बुद्ध का संदेश

बर्डपुर/सिद्धार्थनगर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे हैं सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत बुधवार को भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारियों द्वारा बर्डपुर मंडल के ग्राम पंचायत समिति में नवनिर्मित अमृत सरोवर परिसर की साफ–सफाई एवं श्रमदान किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंडल प्रभारी सिद्धार्थ पाठक रहे इस दौरान आयोजित गोष्ठी को संबोधित करते हुए सिद्धार्थ पाठक ने कहा कि स्वच्छता हमारे जीवन में बहुत ही महत्वपूर्ण है। हमारे स्वास्थ्य एवं सुरक्षित जीवन के लिए हमारे आसपास साफ–सफाई का होना अत्यंत ही आवश्यक है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छता अभियान चलाकर पूरे देश में स्वच्छता की अलख जगाई है। जिसका परिणाम है कि आज हमारा देश स्वच्छ एवं स्वस्थ भारत की ओर अग्रसर है उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज भारत पूरी दुनिया के लिए एक महाशक्ति के रूप में प्रदर्शित हो रहा है तथा नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में अब भारत पूरे विश्व का नेतृत्व करने की क्षमता के साथ तैयार खड़ा है। देश में शिक्षा स्वास्थ्य एवं सुरक्षा इन सभी आयामों को लेकर आज केंद्र की मोदी का उत्तर प्रदेश की योगी सरकार द्वारा ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष नितेश पाण्डेय ने किया। इस दौरान ग्राम प्रधान मंडल मंत्री अरविंद तिवारी, वरिष्ठ नेता अम्बरीष जयसवाल, जानवी मणि त्रिपाठी, कृष्ण कुमार शुक्ला, विवेक गोस्वामी, मार्कण्डेय मिश्रा, मंगलेश शुक्ला, बब्बू चौधरी सहित भारी संख्या में ग्रामवासियों ने स्वच्छता अभियान में सहभागिता दर्ज कराते हुए श्रम दान किया।

# जिला परामर्शदात्री समिति एवं जिला स्तरीय समीक्षा समिति बैठक सम्पन्न

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। जिला परामर्शदात्री समिति एवं जिला स्तरीय समीक्षा समिति बैठक जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार की उपस्थिति मे कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी संजीव रंजन ने बताया कि आत्मनिर्भर भारत योजना के अन्तर्गत कामगारों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए विभिन्न योजनाओं के माध्यम से ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत किसानो को फसल बीमा का लाभ दिलाया गया है अवशेष छूटे हुए लाभार्थियों को इसका लाभ दिया जायेगा। जिलाधिकारी संजीव रंजन ने सभी बैंक शाखा प्रबन्धकों को निर्देश दिया कि किसानोंध्व्यापारियों को किसी भी प्रकार से अनावश्यक रूप से परेशान न किया जाये उनकी समस्याओं का तत्काल निराकरण कराया जाना सुनिश्चित करे। जिलाधिकारी संजीव रंजन ने बैको से ऋण–जमा अनुपात बढ़वाने का निर्देश दिया गया। इस बैठक में उपरोक्त के अतिरिक्त पी0डी0, डी.सी.एन. आर.एल.एम. योगेन्द्र लाल भारती, लीड बैंक अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी सी0पी0सिंह, उपायुक्त उद्योग दयाशंकर सरोज, मुख्य प्रबन्धक भारतीय स्टेट बैंक, शाखा प्रबन्धक नौगढ़ तथा समस्त बैंको के शाखा प्रबन्ध आदि उपस्थित रहे।

# बेंवा ढेबरुआ मार्ग आजकल गढ्ढों में तब्दील आये दिन होती है दुर्घटना

दैनिक बुद्ध का संदेश

डुमरियागंज/सिद्धार्थनगर। नगर के बीचों बीच हाईवे कि



सड़क गड्ढों में तब्दील हो गई है। जिसके चलते बेंवा ढेबरुआ हाईवे पर बहुत बड़े–बड़े गड्ढे हो गए हैं। जिसमें बरसात का पानी भर जाने से राहगीरों को काफी परेशानी हो रही है व इन गड्ढों की वजह से हाईवे पर आए दिन हादसे देखने को मिल रहे हैं। जिसमें राहगीर गंभीर रूप से चोटिल ही हो रहे हैं। ऐसा ही एक हादसा बुधवार सुबह करीब 9 बजे डुमरियागंज में हुआ। जिसमें इटवा से डुमरियागंज जा रहे 3 दो पहिया वाहन नगर स्थित अग्रहरि होटल के पास एक गहरे गड्ढे के कारण आपस में भिड़ गए और दुर्घटना ग्रस्त हो गया। बरसात का पानी भरे होने से उनकी बाइक गड्ढे में उतर गई। जिससे कि वह अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई। जिसमें की वाहन चालक और पीछे बैठा उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। गनीमत रही कि दुर्घटना के समय सामने से कोई बड़ा वाहन नहीं आ रहा था अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। अधिशासी अभियंता विवेक कुमार राय ने बताया कि बारिश की वजह से मरम्मत नहीं हो पा रही है बारिश खत्म होते ही मरम्मत करा दी जाएगी।

# जिला पंचायत से बन रहे नाली निर्माण का जिलाधिकारी ने किया स्थलीय निरीक्षण

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। ग्राम पंचायत बरगदवा में सी0सी0रोड एवं महदेवा नानकार में नाली निर्माण का जिला पंचायत द्वारा कराये गये कार्यो







का जिलाधिकारी संजीव रंजन द्वारा स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी संजीव रंजन द्वारा सी0सी0रोड के गुणवत्ता की जांच की तथा रोड के किनारे पर मजबूत ढाल बनवाने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान उपरोक्त के अतिरिक्त अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत संतोष कुमार सिंह तथा अन्य संबधित जे0ई0 व अन्य अधिकारी उपस्थित थे। इसके पश्चात जिलाधिकारी संजीव रंजन द्वारा प्राथमिक विद्यालय बेलवा महदेवा द्वितीय तथा आंगनबाड़ी केन्द्र बेलवा महदेवा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उपस्थिति रजिस्टर को देखा गया तथा बच्चों से बात किया गया। जिलाधिकारी ने ग्राम प्रधान को विद्यालय की मरम्मत कराने का निर्देश दिया गया। आंगनबाड़ी कार्यकत्री रमा सिंह को आंगनबाड़ी केन्द्र की मरम्मत कराने का निर्देश दिया।

# साधु शरण चौरसिया की मनाई गई 15वी पुण्यतिथि

दैनिक बुद्ध का संदेश

उसका/सिद्धार्थनगर। कस्बा में स्थित



भारतीय जनता पार्टी कैम्प कार्यालय पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक, जनसंघ पार्टी के संस्थापक सदस्य, भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रांतीय परिषद सदस्य, श्रीराम कारसेवा समिति के अध्यक्ष स्मृतिशेष साधु शरण चौरसिया की पंद्रहवीं पुण्यतिथि–श्रद्धांजलि सभा का अयोजन कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर पार्टी एवं समाज के हित में उनके द्वारा किए गए कार्यों का उल्लेख कर उन्हें नमन किया गया। भाजपा नेता व पूर्व चेयरमैन हेमन्त कुमार जायसवाल ने कहा कार्यकर्ताओं के लम्बे संघर्ष का परिणाम है। ऐसी बिभूतिया बिरले पैदा होती है, जिन्हें समाजसेवा, राष्ट्रसेवा की भावना निहित हो।इन्हीं लोगों के द्वारा लगाया बृक्ष आज विशालकाय बटबृक्ष जिसके परिणाम स्वरूप देश व प्रदेश में पूर्ण बहुमत की सरकार है। आयोजित कार्यक्रम में साधूशरन चौरसिया के जेष्ठ पुत्र व भाजपा निवर्तमान जिला मंत्री शिव शरन चौरसिया ने बताया कि 1951 मे 15 वर्ष की अल्पायु मे ही समाजसेवा के प्रति समर्पित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े रहे। 1953 मे डा.श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जम्मूकश्मीर मे गिरफ्तारी के बिरोध मे अंदोलन मे सामिल हुए। 1957 मे भारतीय जनसंघ के तहसील संगठन मंत्री बनाए गए। 1958 मे नौगढ़ तहसील घेरो अंदोलन, नौगढ़ तहसील में बाढ़, सुखा और अकाल पड़ा था। अंदोलन का संचालन भूमिगत हो कर स्व.हरिश्चंद्र श्रीवास्तव पूर्व वित्त मंत्री कर रहे थे सभी कार्यकर्ताओं को बन्दी बनाकर बस्ती जेल भेज दिया गया बस्ती जेल में पंडित दीनदयाल उपाध्याय, नानाजी देशमुख आदि लोग मिलने गए। साठ के दशक में वर्तमान में सन्तकबीरनगर से विधानसभा चुनाव लडने का निर्देश मिला था परन्तु परिवारीक कारणों से चुनाव न लडने का फैसला किया।1990 श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन में जेल में रहे। इस अवसर पर उपेंद्र सिंह, राजेन्द्र पान्डेय आदि वक्ताओं ने कहा कि स्व.साधूशरन चौरसिया ने हमेशा जनहित की लडाई लडी थी। उनका व्यकितत्व क्षेत्र में निष्ठावान, ईमानदार, कार्यकर्ता के रूप में रहा। इस अवसर पर भाजपा नेता जयप्रकाश पान्डेय, सुरेन्द्र पान्डेय, सत्यम पान्डेय सत्यप्रकाश राही, दयाराम लोधी, सत्यप्रकाश वर्मा, विशाल अग्रहरि, रामदरश त्रिपाठी, सुरज मोदनवाल, सत्यम पान्डेय, चन्द्रभान पहलवान, मनोज गुप्ता, फुल। चन्द सहानी, देवेन्द्र श्रीवास्तव धर्मेन्द्र पान्डेय, राजाराम लोधी, रामभरोस चौहान, श्याम सुंदर मित्तल, जिला पंचायत सदस्य सब्लु सहानी, प्रवेश शुक्ला, रजत तिवारी, रवि पान्डेय, गोलु सिंह, दिनेश जायसवाल, वासुकीनाथ चौरसिया, धर्मेन्द्र चौरसिया, अभिषेक चौरसिया आदि ने उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

# पीस कमेटी की बैठक हुई संपन्न

दैनिक बुद्ध का संदेश

उसका/सिद्धार्थनगर। आगामी त्योहार को लेकर थाना पर



पीस कमेटी की बैठक की गई दुर्गा पूजा व दशहरा का त्यौहार नजदीक है वैसे ही पुलिस द्वारा सभी गावो से संबंधित विविध सूचना को लेकर ग्राम प्रहरी का मीटिंग भी किया गया वही थाना अध्यक्ष राजेश तिवारी ने बताया कि आगामी त्यौहार को लेकर बैठक बुलाई गई थी जिसमे सभी गावो के लोग आए और इस बैठक में बताया गया की शांति व्यवस्था बनाए रखे किसी भी प्रकार कोई दिक्कत होती है तो तत्काल पुलिस को सूचित किया जाय।

# मुख्य विकास अधिकारी ने ब्लॉक का निरीक्षण कर दिया आवश्यक दिशा निर्देश

## काम में लापरवाही बरतने पर लगी फटकार



दैनिक बुद्ध का संदेश

उसका/सिद्धार्थनगर। उसका ब्लॉक का मुख्य विकास अधिकारी जैनेंद्र कुमार ने औचक निरीक्षण किए साथ में ब्लॉक के कर्मचारियों से मुख्य विकास अधिकारी निराश भी दिखे और एक एक फाइल का निरीक्षण किए ज्यादा दिन में कम काम पाये जाने पर मुख्यविकास अधिकारी ने पूछा तो कर्मचारियों की बोलती ही बंद हो गई सभी फाइलों का जांच करने के बाद सभी कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए है वही मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि तीन तरह का जांच किया गया है पहला है कि ब्लॉक दिवस का प्रचार प्रसार कराया जाय जिससे हर एक ग्रामीण जान पाए कि किस दिन ब्लॉक दिवस लगता है और ब्लॉक पर आकर अपनी समस्या को बता सके और ब्लॉक दिवस में समाधान किया जाय ,मनरेगा में हो रहे काम को सही से कराया जाय एवं फाइलों को सही से ठीक किया जाय वही निरीक्षण के दौरान खण्ड विकास अधिकारी राकेश शुक्ला ,सहायक विकास अधिकारी संजय पांडेय, एपीओ सीमा सोनकर, बाबू बाल कृष्ण, ग्राम विकास अधिकारी अलका वर्मा, शैलेंद्र गुप्ता, अखिलेश यादव आदि लोग रहे मौजूद।

## सम्पादकीय

**पिछले दिनों तेजस्वी यादव ने दिल्ली में सोनिया गांधी से मुलाकात की थी और नीतीश कुमार भी जल्दी ही सोनिया गांधी से मिलने वाले हैं। उस समय वह बात हो सकती थी, जो रमेश ने भारत जोड़ो यात्रा के बीच कही है। अगर रमेश को लग रहा है कि भारत जोड़ो यात्रा विपक्ष को ताकत दिखाने के लिए है या विपक्ष को ...**

# कांग्रेस नहीं बनने देगी विपक्षी एकता!

अभी कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा के 12 दिन हुए हैं और यात्रा उन दो राज्यों से गुजरी है, जहां कांग्रेस की स्थिति अपेक्षाकृत मजबूत है तभी पार्टी के नेता विपक्षी दलों को नसीहत देने लगे और समझाने लगे कि कांग्रेस के बिना विपक्षी एकता नहीं बन पाएगी। यह कोई ऐसी बात नहीं है, जो विपक्षी पार्टियां नहीं जानती हैं। सबको पता है कि विपक्षी एकता में कांग्रेस की अहम भूमिका है। लेकिन विपक्ष से लडने के अंदाज में यह बात कहने की जरूरत नहीं है। विपक्षी पार्टियों के अनेक नेता अब भी कांग्रेस के प्रति सद्भाव दिखा रहे हैं। कांग्रेस नेताओं से मिल रहे हैं। उनसे बातचीत करके विपक्षी एकता को एक स्वरूप देने की बजाय कांग्रेस धौंस दिखाने वाले अंदाज में बयान जारी कर रही है। कांग्रेस के संचार विभाग के प्रमुख जयराम रमेश ने विपक्षी नेताओं को निशाना बनाते हुए श्जो समझते हैं कि कांग्रेस के बिना विपक्षी एकता संभव है वे मूर्खों के स्वर्ग में रहते हैंय। मूर्खों के स्वर्ग का एक जुमला है, जो आमतौर पर बोला जाता है लेकिन इसका इस्तेमाल अपने लोगों के लिए नहीं किया जाता है। रमेश ने किसी का नाम नहीं लिया लेकिन माना गया कि उन्होंने नीतीश कुमार, ममता बनर्जी, के चंद्रशेखर राव जैसे ऐसे नेताओं को निशाना बनाया है, जो विपक्षी एकजुटता के लिए प्रयास कर रहे हैं। इन तीन नेताओं के अलावा कई और विपक्षी नेता प्रयास कर रहे हैं। अखिलेश यादव अपना प्रयास कर रहे हैं तो अरविंद केजरीवाल अपना प्रयास कर रहे हैं। जयराम रमेश के बयान देने से ये नेता कांग्रेस को साथ नहीं ले लेंगे। कांग्रेस को अपनी ताकत बढ़ानी होगी। अफसोस की बात है कि ज्यादातर राज्यों में कांग्रेस की ताकत ऐसे विपक्षी दल ही हैं, जिनके साथ कांग्रेस ने तालमेल किया है या सरकार बनाई थी या अभी सरकार में शामिल है। पुरानी कहावत है कि एक पैर जमीन पर रखने से पहले दूसरा पैर नहीं उठाना चाहिए। अभी कांग्रेस पार्टी को भाजपा से लडना है, जिसने कांग्रेस को समाप्त करने का संकल्प किया। वह हर जगह कांग्रेस को तोड़ रही है। अगर कांग्रेस झारखंड की सत्ता में नहीं होती तो अब तक कब की टूट चुकी होती। इसलिए भाजपा से मुकाबले के लिए कांग्रेस को खुद भी प्रादेशिक पार्टियों की मदद की जरूरत है। बड़ी पार्टी के नाते कांग्रेस को पहल करके विपक्षी पार्टियों से संपर्क करना चाहिए और उनसे संवाद बनाना चाहिए। पिछले दिनों तेजस्वी यादव ने दिल्ली में सोनिया गांधी से मुलाकात की थी और नीतीश कुमार भी जल्दी ही सोनिया गांधी से मिलने वाले हैं। उस समय वह बात हो सकती थी, जो रमेश ने भारत जोड़ो यात्रा के बीच कही है। अगर रमेश को लग रहा है कि भारत जोड़ो यात्रा विपक्ष को ताकत दिखाने के लिए है या विपक्ष को दबाने के लिए है तो वे मूर्खों के स्वर्ग में रहते हैं। किसी विपक्षी पार्टी को कांग्रेस की जरूरत नहीं है और कांग्रेस को सबकी जरूरत है। अगर ऐसे ही फालतू बयानबाजी होती रही तो कांग्रेस और अलग थलग होगी।




# तो सारे टंटे सुलझ गए!

भारत–चीन की सेनाओं के डिसएंगेजमेंट का परिणाम यह हुआ है कि शंघाई सहयोग संगठन की शिखर बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी सुनिश्चित हो गई है। भारत सरकार के सूत्रों ने मीडिया को ब्रीफ किया है कि भारत और चीन के बीच वास्तविक नियंत्रण रेखा पर मई 2020 में जो भी विवाद खड़े हुए थे, उनको अब हल कर लिया गया है। ये बात गोगरा हॉट स्प्रिंग स्थित पेट्रोलिंग प्वाइंट 15 के पास आमने–सामने खड़ी दोनों देशों की सेनाओं के वापस लौटने की प्रक्रिया पूरी होने के बाद कही गई। जबकि मीडिया रिपोर्टों में ध्यान दिलाया गया है कि देपसांग और देमचोक क्षेत्र में अभी चीन ने भारतीय बलों को उन स्थलों तक गश्त लगाने से रोक रखा है, जहां पहले भारतीय टुकडियां जाती थीं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी का दावा है कि अभी भी भारत का लगभग 1000 वर्ग किलोमीटर वह इलाका चीन के कब्जे में है, जहां उसकी सेना 2020 के अप्रैल– मई में घुस आई थी। वैसे तथ्य यह है कि भारत सरकार ने यह आरोप कभी नहीं लगाया कि तब चीनी सेना ने भारतीय क्षेत्र में घुसपैठ की थी। बल्कि खुद प्रधानमंत्री ने कहा था कि कोई नहीं घुसा है। इस तरह भारत सरकार का कथानक अपनी लाइन पर ही है।

ताजा घटनाक्रम का परिणाम यह हुआ है कि शंघाई सहयोग संगठन की समरकंद में गुरुवार से होने वाली शिखर बैठक के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की अनुकूल पृष्ठभूमि बन गई है। वैसे मुलाकात हो या नहीं, यह जरूर कहा जाएगा कि डिसएंजमेंट की ताजा घटना से चीन मोदी की समरकंद में उपस्थिति सुनिश्चित कराने में सफल हो गए हैं। चीन इस समय रूस के साथ मिल कर अमेरिकी धुरी के खिलाफ वैकल्पिक धुरी तैयार करने में जुटा हुआ है। वैसे में किसी देश को कुछ टैक्टिकल बढ़त देना उसके नजरिए से फायदे का ही सौदा है। भारत जैसे बड़े और महत्त्वपूर्ण देश के प्रधानमंत्री की समरकंद में मौजूदगी का अपना खास महत्त्व है। इससे संदेश जाएगा कि विकासशील देश पश्चिम के खिलाफ लामबंद हो गए हैं। उधर प्रधानमंत्री के समर्थकों को यह टॉकिंग प्वाइंट मिला है कि आखिरकार मोदी ने चीन को झुका दिया है। अंतर सिर्फ यह है कि शी का टैक्टिकल कदम चीन के हित में है, जबकि मोदी समर्थकों को मिले तर्क से भारत का कितना भला होगा, इसे आसानी से समझा जा सकता है।

# चीन से ही दक्षिण एशिया में अलग थलग!

**फिर रेवड़ी कल्चर क्या है ? समारोहों में दिखावे के लिए जिस तरह पैसा बहाया जाता है, उसको पूछने वाला कोई नहीं है । हर साल वरिष्ठ प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों तथा मंत्रियों और दूसरे ओहदेदारों की बचत करोड़ों रुपये में बढ़ जाती है । यह स्वयं उनके द्वारा घोषित वार्षिक विवरण से पता चलता है । भारत को यदि विश्व गुरु बनना है तो उसे गश्वंधी दर्शन पर चलना होगा जो सादगी व स्वैच्छिक दरिद्रता ...**

हरिशंकर व्यास

भारत की विदेश नीति शांतिपूर्ण सहअस्तित्व की रही है। परंतु क्या आज कहा जा सकता है कि भारत अपने पड़ोस में शांति और सहअस्तित्व के साथ रह रहा है? असल में भारत अपने पड़ोस में यानी दक्षिण एशिया में भी अलग थलग पड़ा है और ऐसा भारत की विदेश नीति की गड़बडियों के कारण नहीं है। इसके दूसरे कारण हैं। एक कारण यह है कि भारत आबादी और आकार में बड़ा होने के बावजूद अपनी ऐसी वैश्विक आर्थिक, कूटनीतिक या सामरिक ताकत नहीं बना सका, जिससे पड़ोसी देश डर के साथ सम्मान करें। दूसरा कारण है कि चीन भारत को अलग थलग करना चाहता है, और वह इसमें सफल है। चीन ने ऐसी आर्थिक व सामरिक कूटनीति की है कि उसने दक्षिण एशिया के ज्यादातर देशों को अपनी कॉलोनी बना डाला है। वे उसके असर में हैं और भारत की परवाह नहीं करते हैं। इसे सिर्फ दो हालिया उदाहरणों से समझे। दोनों उदाहरण चीन से जुड़े हैं। श्रीलंका में आर्थिक और बड़ा राजनीतिक संकट आया तो चीन पल्ला झाड़ कर खड़ा रहा, जबकि श्रीलंका की तबाही में उसका बड़ा हाथ है। उसने श्रीलंका की मदद नहीं की। श्रीलंका की मदद भारत ने की। भारत ने उसे तेल भेजा और अनाज सहित तमाम दूसरी जरूरत की चीजें भेजीं, जिसे श्रीलंका ने सार्वजनिक रूप से लिया। इसके बावजूद श्रीलंका ने भारत की परवाह नहीं करते हुए चीन के जासूसी जहाज को अपने बंदरगाह पर ठहरने की इजाजत दी। यह घटना पिछले महीने की है। भारत ने विरोध किया। इस पर श्रीलंका ने चीन से जहाज रोकने को भी कहा पर जब चीन अड़ा रहा तो श्रीलंका ने 16 से 22 अगस्त तक जहाज को बंदरगाह पर रूकने दिया। इस जहाज का मकसद भारत के परमाणु और अन्य सामरिक संस्थाओं की जासूसी का बताते है। दूसरी खबर 16 सितंबर की है। श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने बंदरगाह मामले का जिक्र किया। कहा कि यह दुर्भाग्य है कि श्रीलंका को पंचिंग बैग बनाया जा रहा है यानी दोनों तरफ से उस पर हमले हो रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि हिंद महासागर में बड़ी ताकतों की प्रतिद्वंद्विता में वह पार्टी नहीं बनना चाहता है। उन्होंने कहा कि श्रीलंका नहीं चाहता है कि प्रशांत महासागर का विवाद हिंद महासागर में पहुंचे। वह किसी भी सैन्य गतिविधि का हिस्सा नहीं बनेगा। श्रीलंका का इशारा भारत की ओर है। भारत की तमाम मदद के बावजूद उसने साफ कहा है कि अगर भारत और चीन के बीच किसी किस्म का टकराव होता है तो वह किसी तरह से इसका हिस्सा नहीं बनेगा। सोचें, भौगोलिक सीमा के साथ साथ श्रीलंका के साथ भारत का सांस्कृतिक और नस्ली रिश्ता भी है और ऊपर से भारत ने हमेशा उसकी मदद की है, इसके बावजूद उसने भारत के साथ खड़े होने से इनकार किया है। यह स्थिति सिर्फ श्रीलंका की नहीं है। नेपाल के साथ अलग भारत के संबंध बिगड़े हैं। चीन का वहां ऐसा दबदबा बना है कि नेपाल सिर्फ तटस्थ नहीं है, बल्कि वहा भारत विरोधी हो गया है। नेपाल में भारत विरोध इतना बढ़ गया है कि पिछले दिनों लिपूलेख और कालापानी में भारत के सड़क और पुल बनाने का नेपाल ने भारी विरोध किया और कहा कि यह उसका इलाका है। उसके सैनिक आए दिन सीमा पार भारतीयों पर कार्रवाई कर रहे हैं। भारतीय वस्तुओं का नेपाल में बहिष्कार हो रहा है और अब अग्निपथ योजना से भी नेपाल ने अपने लोगों को अलग कर दिया है। बुद्ध की सॉफ्ट डिप्लोमेसी का कार्ड भारत के हाथों से छीनने के लिए चीन ने नेपाल के लुम्बिनी यानी बुद्ध के जन्मस्थान पर हजारों करोड़ रुपए का निवेश किया है। इतना ही नहीं यह प्रचार भी किया है कि उन्हें गया में ज्ञान प्राप्त नहीं हुआ था, बल्कि जन्म के साथ ही बुद्ध को ज्ञान प्राप्त था। पाकिस्तान पहले से भारत का दुश्मन देश है। उसने ऐलान किया हुआ है कि चीन उसका ऑल वेदर फ्रेंड है। चीन ने दोनों तरह से पाकिस्तान को अपने नियंत्रण में लिया हुआ है। उसने उसकी मदद की है और वन बेल्ट, वन रोड योजना उसके इलाके में शुरू की है तो साथ ही कर्ज देकर भी उसको अपने जाल में फंसाया है। चीन और पाकिस्तान की दोस्ती ऐसी है कि पाकिस्तान की सरजमीं से भारत के खिलाफ आतंकवादी गतिविधियां चला रहे आतंकियों को भारत संयुक्त राष्ट्र संघ में अंतरराष्ट्रीय आतंकवादी घोषित नहीं करा पा रहा है। दुनिया के सभ्य और लोकतांत्रिक देशों की मदद से भारत जब भी इस तरह के प्रस्ताव संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में लाता है तो चीन उसे रूकवा देता है। अफगानिस्तान में तालिबान के शासन के साथ भी चीन के जैसे संबंध हैं वैसे पाकिस्तान के भी नहीं हैं। तालिबान के कट्टरपंथियों को भी चीन से कोई शिकायत नहीं है। यहां तक कि उइगर मुसलमानों पर होने वाले जुल्म को भी तालिबान ने स्वीकार किया है। उधर म्यांमार के सैन्य शासन को चीन का समर्थन है तो भूटान के साथ भी उसने सीमा को लेकर ऐसा समझौता किया है, जिससे भारत को आने वाले दिनों में बड़ी मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है। ध्यान रहे भूटान के कई हिस्सों पर चीन दावा करता है और वो ऐसे हिस्से हैं, जहां तक पहुंचने के लिए अरुणाचल प्रदेश से होकर जाना होगा। इस तरह चीन भूटान के बहाने भारत की जमीन पर दावा कर रहा है। बांग्लादेश भी चीन के असर में है लेकिन वह अभी उस तरह से चीन की कॉलोनी नहीं बना है, जिस तरह दक्षिण एशिया के बाकी देश बन गए हैं। इस तरह चीन ने भारत के सारे पड़ोसी देशों को अपने नियंत्रण में लेकर भारत को चारों तरफ से घेरा हुआ है।

**अपने सारे मतभेदों तथा सीमाओं के बावजूद, विपक्ष की आम सहमति के केंद्र में मोदी राज में संसदीय जनतंत्र के क्षय तथा सबसे बढ़कर राज्य की ध र्मनिरपेक्षता तथा संघीय व्यवस्था के क्षय और जनता के जनतांत्रिक व नागरिक अधिकारों के क्षय के मुद्दे और कारपोरेटों के फायदे के लिए कल्याणकारी व्यवस्थाओं के कमजोर किए जाने के मुद्दे हैं, जिन्हें ये ताकतें मिलकर भी तथा अलग–अलग ...**

# आप की झाड़ू किसका रास्ता बुहारेगी?

राजेन्द्र शर्मा

श्एकला चलोश के नारे पर चलने जरिए आम आदमी पार्टी, विपक्ष की संभावनाओं को कमजोर करने के जरिए, संघ–भाजपा की कुछ न कुछ मदद जरूर सकती है। याद रहे कि 2014 के आम चुनाव में भी अकेले और एकमात्र, भ्रष्टड्ढाचारविरोधी विकल्प होने के अपने दावे के साथ आम आदमी पार्टी ने, जाहिर है कि कारपोरेट नियंत्रित मीडिया की उदार मदद से, मोदी जी की ऐसी ही मदद की थी। क्याइसे विडंबनापूर्ण ही नहीं कहा जाएगा कि आम आदमी पार्टी (आप) जिसका लोकसभा में प्रतिनिधित्व गुरुदासपुर उपचुनाव के बाद शून्य हो गया है, 2024 में होने वाले अगले आम चुनाव में अकेले और सभी सीटों पर लड़ने का ऐलान करने वाली पहली पार्टी बन गई है। आप के दिल्ली में पिछले सप्ताहांत पर आयोजित पहले निर्वाचित प्रतिनिधि राष्ट्रीय सम्मेलन में इस श्एकला चलोश पर मोहर लगाई गई, जबकि इस सम्मेलन की पूर्व–संध या में ही गुजरात में अपनी पार्टी के एक आयोजन में, आप सुप्रीमो केजरीवाल इस नीतिगत दिशा का ऐलान भी कर चुके थे। वास्तव में उससे भी पहले से, खासतौर पर पंजाब में अपनी जबर्दस्त कामयाबी के बाद से ही, आप पार्टी ने बार–बार इसका दावा करना शुरू कर दिया था कि वह श्कांग्रेस का स्वाभाविक विकल्पश बन चुकी है। बहरहाल, अब आप ने अपने इस दावे को फैलाकर, समूचे विपक्ष को इसके दायरे में समेट लिया है और वह अकेले ही देश के पैमाने पर भाजपा का मुकाबला करने का दावा कर रही है। खबरों के अनुसार, आप सुप्रीमो ने किसी भी विपक्षी कतारबंदी का हिस्सा बनने के बजाय, सीधे श्एक सौ तीस करोड़ भारतवासियों के साथ गठबंधनश करने की बात कही है। इस पहलू से अगर देखा जाए और थोड़ा उदार हुआ जाए तो क्या केजरीवाल के श्एकला चलोश के ऐलान को, वास्तव में अपनी पार्टी का विस्तार करने की कोशिश की आकांक्षा के रूप में भी नहीं देखा जाना चाहिए? बेशक, केजरीवाल ने अपनी पार्टी के उसी सम्मेलन में, जिसमें 156 विधायकों समेत, 20 राज्यों के कुल 1,446 निर्वाचित प्रतिनिधि उपस्थित थे (हालांकि पार्टी के दूसरे मुख्यमंत्री की अनुपस्थिति को लेकर भी अटकलें लगाई जाएंगी) अन्य सभी पार्टियों को यह कहकर खारिज करना भी जरूरी समझा था कि, 70–75 साल में इन पार्टियों ने जनता के लिए कुछ नहीं किया था और इसीलिए देश भर में जनता श्बांहें खोलकर आप को गले लगा रही हैश आदि। लेकिन, क्या इस सब को भी एक राजनीतिक पार्टी के अपने, दूसरी सभी राजनीतिक पार्टियों से न सिर्फ भिन्न बल्कि श्रेष्ठड्ढतर होने के स्वाभाविक दावे के हिस्से के तौर पर ही नहीं देखा जाना चाहिए। इतना ही नहीं, अगले आम चुनाव तक कई महत्वपूर्ण विधानसभाई भी चुनाव होने हैं। इनमें से, हिमाचल और गुजरात विधानसभा के चुनाव तो चंद महीने में ही यानी इसी साल के अंत तक हो जाने हैं। दोनों राज्यों में परंपरागत रूप से जरूर कांग्रेस और भाजपा के बीच मुकाबला होता आया है। खासतौर पर गुजरात में पिछले विधानसभाई चुनाव में तो करीब पंद्रह साल बाद, भाजपा के हाथों से सत्ता फिसलते–फिसलते रह गई थी। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संघ–भाजपा के चुनावी बोलबाले के लिए, गुजरात सरकार पर भाजपा का कब्जा बनाए रखने का मनोवैज्ञानिक महत्व कितना ज्यादा है, यह स्वतरू स्पष्टड्ढ है। और गुजरात समेत, जहां पिछले विधानसभाई चुनाव में कांग्रेस ने मोदी के नेतृत्ववाली संघ–भाजपा जोड़ी के पसीने छुड़वा दिए थे, कांग्रेस पार्टी कमजोर ही हुई है, जबकि आप के साथ नये समर्थक जुड़ रहे हैं। ऐसे में आप को अगर यह लगता है कि वह भाजपा को हराने के लिए कांग्रेस से ज्यादा सक्षम है, तो क्यों नहीं वह अपना जोर आजमा कर देखे? कम से कम आप पार्टी के कांग्रेस का स्वाभाविक विकल्प होने के केजरीवाल के शुरूआती दावे का क्या यही संदर्भ नहीं माना जाना चाहिए, हालांकि देश के पैमाने पर श्एकला चलोश के नारे में अब उसका विस्तार कर दिया गया है। आखिर, हो सकता है कि यह विस्तार कार्यनीतिक ही हो यानी विधानसभाई चुनावों के जरिए अपनी ताकत बढ़ाने के प्रयास को ज्यादा धारदार बनाने भर के लिए! यह सब अगर सच भी मान लिया जाए, तब भी आप पार्टी के पहले राष्टड्ढीय निर्वाचित प्रतिनिधि सम्मेलन में श्एकला चलोश की कार्यनीति का ऐलान जिस राजनीतिक संदर्भ में किया गया है, वह संदर्भ इसकी ऐसी हानिरहित व्याख्याओं को बलपूर्वक नकारता है। इस संदर्भ के दो महत्वपूर्ण पहलू हैं। पहला, मोदी राज की जनविरोधी तथा जनतंत्रविरोधी नीतियों के चलते बेकारी, महंगाई, भूख तथा सांप्रदायिक अशांति के गहराते संकट की पृष्ठड्ढभूमि में, निम्न मध्य वर्ग समेत, मेहनतकश अवाम के बीच तेजी से बढ़ता असंतोष, जिसे अपनी आर्थिक व मीडियाई ताकत से लेकर राजकीय ताकत तक को पूरी तरह से झोंककर भी, मोदी राज ठंडा नहीं कर पा रहा है। और दूसरा पहलू है, इस समग्र परिस्थिति के संदर्भ में, एक ओर विपक्षी पार्टियों का इस सच्चाई को ज्यादा से ज्यादा पहचानना कि वर्तमान संसदीय जनतांत्रिक व्यवस्था ही नहीं, जिसमें तमाम विपक्षी पार्टियां भी शामिल हैं, देश की खुशहाली तथा जनता के कल्याण तक, सभी के लिए मोदी राज को एक कार्यकाल और मिलना, बहुत ही खतरनाक होगा। लेकिन, इसके लिए विपक्षी ताकतों को किसी न किसी प्रकार से एकजुट होना होगा क्योंकि कोई भी पार्टी या मौजूदा गठबंधन अकेले, इस खतरे से देश तथा जनतंत्र को नहीं बचा सकता है। विपक्ष में इसी सच्चाई के बढ़ते पैमाने पर पहचाने जाने के बीच, विपक्षी पार्टियों को एकजुट करने की अलग–अलग कोशिशें हो रही हैं, हालांकि ये कोशिशें आसानी से कामयाब होती नजर नहीं आती हैं। बहरहाल, इन्हीं कोशिशों को एक प्रबल वेग देते हुए, बिहार की हाल की बड़ी राजनीतिक उथल–पुथल के बाद, नई बनी महागठबंधन–जदयू गठबंधन सरकार के मुख्यमंत्री तथा जदयू नेता, नीतीश कुमार ने मौजूदा मोदी निजाम के खिलाफ विपक्ष को एकजुट करने के प्रयासों को नई गति दी है। इसकी अभिव्यक्ति पहली ही बार, श्यूपी बिहार= गई मोदी सरकारश जैसे हौसला बढ़ाने वाले नारे में हुई है। और प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से, इसी प्रक्रिया के पूरक के रूप में, जनतंत्र की रक्षा समेत जनता के विभिन्न मुद्दों को लेकर, विभिन्न विपक्षी राजनीतिक ताकतें, मौजूदा निजाम के खिलाफ लगातार लड़ाई के मैदान में हैं और उसकी अजेयता की छवि पर चोटें कर रही हैं। ठीक इसी संदर्भ में आप की श्एकला चलोश की घोषणा आई है, जिसकी टाइमिंग को भी अनदेखा नहीं किया जा सकता है। बहरहाल, टाइमिंग के सवाल को अगर फिलहाल छोड़ भी दिया जाए तब भी, इतना तो साफ ही है कि मौजूदा कठिन चुनौती और उसका मुकाबला करने की न्यूनतम कार्यनीति पर, संघ–भाजपा राज के विध्वंसक आठ साल के अनुभव के बाद विपक्षी ताकतों में जो आम सहमति बनी है, आम आदमी पार्टी उसके खिलाफ ही जा खड़ी हुई है। आप पार्टी के इस रुख को न तो विपक्ष को एकजुट करने में आ रही कठिनाइयों से व्याख्यायित किया जा सकता है और न अपना राजनीतिक विस्तार करने की उसकी वैध आकांक्षा से।




# अब नहीं रहे आग अंगारे के संपादक बाबू केएन सिंह

## कलमकारों ने व्यक्त की गहरी शोक संवेदनाएं

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। जनपद के ओबरा नगर पंचायत परिक्षेत्र के निर्भीक एवं निष्पक्ष वरिष्ठ पत्रकार केएन सिंह अब हमारे बीच नहीं रहे। बुधवार को 73 वर्षीय वरिष्ठ पत्रकार की मृत्यु उनके नगर स्थित घर में हो गई। संप्रति 2 माह पूर्व उनकी सड़क दुर्घटना में कूल्हे की हड्डी टूट गई थी और तभी से उन्होंने बिस्तर पकड़ लिया था। हिंदी दैनिक आग अंगारे के संपादक एवं नगर के संभ्रांत व वरिष्ठ नागरिक केएन सिंह के निधन की सूचना पर जनपद एवं ओबरा नगर पंचायत परिक्षेत्र के पत्रकारों, समाजसेवियों, व्यापारियों, राजनीतिक दलों के नेताओं ने उनके आवास पहुंच कर उनके



अंतिम दर्शन करते हुए अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त की। इस दौरान मीडिया फोरम आफ इंडिया न्यास के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं वरिष्ठ पत्रकार मिथिलेश प्रसाद द्विवेदी ने अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि बाबू केएन सिंह ने जीवन पर्यंत देश और समाज के लिए पत्रकारिता किया और उन्होंने अपनी कलम को कभी दागदार नहीं होने दिया। द्विवेदी ने आगे यह भी कहा कि उनके निधन से पत्रकारिता के क्षेत्र में जो क्षति हुई है निकट भविष्य में उसकी पूर्ति हो पाना असंभव सा लगता है। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना किया कि गत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान देकर उनके सत्कर्मों को कृतार्थ करें और परिजनों को इस अपार कष्ट को सहने की शक्ति प्रदान करें। प्रख्यात गीतकार डॉ रचना तिवारी ने के एन सिंह के निधन पर अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा है कि निर्भीक, निष्पक्ष और समाज हित में पत्रकारिता के माध्यम से किए गए उनके कार्य सदैव याद किए जाएंगे। उनकी सादगी सरलता और बेमिसाल व्यवहार कुशलता ही सदैव उन्हें जीवित रखेगी। कवि, पत्रकार एवं अधिवक्ता राकेश शरण मिश्र ने उनके निधन को पत्रकारिता जगत के लिए अपूर्णीय क्षति बताते हुए अपनी शोक संवेदना व्यक्त की। कांग्रेस के कद्दावर नेता राजेश द्विवेदी, वरिष्ठ पत्रकार भोलानाथ मिश्र, राजेश पाठक, राजेंद्र द्विवेदी, बृजेश पाठक, चन्द्रमोहन शुक्ल, पंकज पांडे राम अनुज धर द्विवेदी अजय भाटिया आदि ने भी उनके निधन पर अपने शोक संवेदनाएं व्यक्त की है।

## 105 युवाओं का विकासखंड पचपेड़वा में आयोजित रोजगार मेले में हुआ चयन

दैनिक बुद्ध का संदेश

तुलसीपुर/बलरामपुर। आकांक्षी विकास खंडों के युवाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए विकासखंड पचपेड़वा में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बिशुनपुर विश्राम में जिला सेवायोजन कार्यालय, कौशल विकास मिशन द्वारा संयुक्त रूप रोजगार मेले का आयोजन किया गया। रोजगार मेले में बहुराष्ट्रीय कंपनी हुंडई ऑटो मैन पावर लखनऊ, हॉली हबर्स अयोध्या, गीता कार्पल्स गुजरात, महिंद्रा ऑटो मैन पावर कानपुर, फर्म इंडस्ट्रीज लिमिटेड राजस्थान, बंद्रे इंजीनियर लिमिटेड राजस्थान, शांति जीडी इस्पात लिमिटेड एवं मारुति सुजुकी आदि के एच० आर० प्रतिनिधियों ने साक्षात्कार के माध्यम से 105 युवा अभ्यर्थियों का चयन किया गया। रोजगार मेले में कुल 252 युवाओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। रोजगार मेले का संचालन आशीष कुमार भूषण प्लेसमेंट अधिकारी राजकीय आईटीआई पचपेड़वा द्वारा किया गया। मेले में प्रधानाचार्य आईटीआई गोविंद कुमार,जिला रोजगार सहायता अधिकारी आशा वर्मा, अन्य संबंधित अधिकारीध्कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

## महिलाओं/बालिकओ को महिला सुरक्षा सम्बन्धी अधिकारों के प्रति किया गया जागरुक

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। शासन की मंशा के अनुरूप महिलाओंध बेटियों को स्वावलंबी और सुरक्षित बनाने तथा



उनके अधिकारों के सम्बंध में जागरुक करने व उनके साथ घटित होने वाले अपराधों पर प्रभावी रोकथाम करते हुए उनमें सुरक्षाध्आत्मविश्वास की भावना जागृत करने के उद्देश्य से "मिशन शक्ति" अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक सोनभद्र डॉ0 यशवीर सिंह के निर्देशन में जनपदीय पुलिस के समस्त थानों की एंटी रोमियो टीमों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रोंध्बीटोंध्स्कूलध्कॉलेज, कोचिंग संस्थानों तथा अन्य सार्वजनिक स्थलों पर महिलाओंध बलिकाओं से संवाद कर उन्हें महिलाओं की सुरक्षा हेतु विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों एवं नियमों तथा महिलाओं के विरुद्ध घटित होने वाले अन्य अपराधों पर कानूनी कार्रवाई के सम्बंध में विस्तृत रुप से जानकारी देकर उन्हें जागरुक किया गया। वर्तमान समय मे हो रहे विभिन्न तरीकों के साइबर अपराधों के बारे में भी जानकारी दी गयी। साथ ही साथ यह भी बताया गया कि अपने आस-पास के लोगों को साइबर अपराधों के बारे में जागरुक करें और उन्हें बतायें कि यदि कोई व्यक्ति साइबर धोखाधड़ी का शिकार हो जाता है तो उसकी सूचना तत्काल हेल्पलाइन नम्बर 1930ध112 पर दें जिससें समय रहते ही अग्रिम कार्रवाई की जा सके। इसके साथ ही महिलाओंध्बालिकाओं को जागरुकता सम्बंधी पम्पलेट भी वितरित किया गया। इसके अतिरिक्त जनपदीय पुलिस टीमों द्वारा भी अपने-अपने थाना क्षेत्रों में आमजनमानस विशेषकर बालिकाओं एवं महिलाओं से सम्पर्क कर उनसे वार्ता की गयी तथा उन्हें विभिन्न सरकारी नम्बरों, कल्याणकारी योजनाओं एवं महिला सम्बंधित मामलों से निपटने हेतु जागरुक किया गया।

## 01 किग्रा 990 ग्राम अवैध गांजा बरामद

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। जनपद में मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाये जा रहे



अभियान के क्रम में थाना रायपुर व थाना रामपुर बरकोनिया पुलिस द्वारा थाना रायपुर व थाना पन्नूगंज पर पंजीकृत अभियोग में वांछित अभियुक्त सुनील उर्फ सोनू हरिजन पुत्र सियाराम निवासी, ग्राम तिवई, थाना चौनपुर, जनपद कैमूर, बिहार उम्र लगभग 24 वर्ष को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से कुल 01 किग्रा 990 ग्राम अवैध गांजा बरामद कर एक अदद मोटरसाइकिल (अपाची बीआर-45एम 9543) को अन्तर्गत धारा 207 डट। बज में सीज किया गया। उपरोक्त बरामदगी के सम्बंध में थाना रायपुर पर मु0अ0स0 78ध2022 धारा 8ध20 छक्ै। बज का अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई की गई।

## शहीद सैनिकों को पितृपक्ष मे किया जल समर्पित,श्रद्धा नमन





दैनिक बुद्ध का संदेश

उन्नाव। कचहरी स्थित जिला सैनिक कल्याण विभाग में कार्यक्रम आयोजित हुआ शहीद सैनिकों को पितृपक्ष में श्रद्धा नमन-शहीद सैनिक श्राद्ध कार्यक्रम कराया गया संयोजक अंकित शुक्ला के नेतृत्व में स्वातंत्र्य समर, राष्ट्र विभाजन, राष्ट्र रक्षा शहीद सैनिकों अंसख्य बलिदानियोंऔर अनगिनत क्रान्तिकारियों जिन्होंने देशहित में परिणय को स्वीकार नहीं किया उन्हें पितृपक्ष में क्योंकि उनका बलिदान हम सबके स्वर्णिम भविष्य की आधारशिला थी उनकी वंशावली पर लौकिक विराम लगा। स्वतंत्र एवं समृद्ध राष्ट्र जिसका ध्येय था उन शहीद सैनिकों पितृपक्ष में जल समर्पित श्रद्धंजलि अर्पित करने का हम सभी ने संकल्प लिया है सुमंगलम द्वारा भारतीय आदर्श परंपरा, मूल्यों एवं संस्कृति के संरक्षण, संबर्धन के निमित्त सकल लोक मंगल अनुष्ठान में शहीद सैनिकों को पितृपक्ष एकादशी तदनुसार 21 सितम्बर बुधवार शहीद पितरों को तर्पण बंदन कर "शहीद पितृपक्ष श्रद्धा नमन-शहीद श्राद्ध" किया गया जिसमे सुमंगलम राष्ट्रीय सैनिक छात्र सेवा परिषद, क्रम क्रांति फाउण्डेशन भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक भारतीय किसान मंच अक्षत तट सहित सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि और शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित होकर कृतज्ञ भाव से शहीद क्रांतिवीरो को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित कर राष्ट्र के सुख-शान्ति-समृद्धि का संकल्प लिया शहर के गणमान्य नागरिक लोगों में चर्चा का विषय बन गया जनपद में ऐसी अद्भुत शहीद सैनिकों को पितृपक्ष में जल समर्पित श्रद्धा नमन करते लोगों को देखकर जनपद वासियों में ललक जगी हमारे जनपद में भी अभी भी ऐसे युवा शक्ति है जो देश में प्रदेश में जनपद में महापुरुषों की तरह कार्य कर रहे हैं कार्यक्रम संयोजक अंकित शुक्ला को सलाम किया उन्हें कहा कि ऐसे जनपद में कार्य करते रहिए आप इस मौके पर अध्यक्ष चेतन मिश्रा कर्म क्रांति फाउंडेशन ने बताया अंकित एक ऐसा वह शक्ति है जो प्रदेश में देश में काम करता है भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक युवा जिलाध्यक्ष राज श्रीवास्तव ने अंकित शुक्ला की प्रशंसा करते हुए जनपद व प्रदेश में ऐसे युवाओं को आगे बढ़ाने की कामना की क्रम कांति फाउंडेशन कोषाध्यक्ष ने भी अंकित शुक्ला की प्रशंसा करते हुए साथ देने की बात हर संभव मदद इस कार्यक्रम में मुख्य रूप चेतन मिश्रा-अध्यक्ष कर्म क्रांति सेवा फाउंडेशन अशोक कुमार दिक्षित पूर्व वायु सैनिक कोषाध्यक्ष-कर्म क्रांति सेवा फाउंडेशन मनीष सिंह सेंगर प्रशांत दीक्षित हर्ष तिवारी जी अमित शुक्ला अतुल ठाकुर अवनीश कुमार भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक युवा जिलाध्यक्ष राज श्रीवास्तव आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## जिला कारागार मे चला एकदिवसीय जागरूकता अभियान

दैनिक बुद्ध का संदेश

गुरमा/सोनभद्र। बुधवार को जिला कारागार सोनभद्र में एड्स



जैसी लाईलाज रोग के लिए एकदिवसीय जागरूकता स्वास्थ्य शिविर लगाया गया व जिला कारागार में निरुद्ध बंदियों को एड्स के बारे में बताया गया कि एड्स कैसे होता है और उसको कैसे रोका जाए। इसके बारे में विस्तार से चर्चा करते हुए डा.कीर्ति आजाद (जिलाक्षय रोग अधिकारी) डा. इन्दु चौबे (काउन्सलर सुरक्षा क्लीनीक) डा.विजय कुमार यादव, कार्यक्रम को सफल बनाने में जिला कारागार के अधीक्षक सौरभ श्रीवास्तव एवं जे. पी. दुबे कारापाल का सराहनीय प्रयास रहा, बंदियों को शिविर टीम द्वारा बुकलेट भी प्रदान किया गया बताये गये सावधानियों के परिपेक्ष्य में जेल अधीक्षक एवं कारापाल द्वारा बंदियों को इसका प्रमाण पत्र भी प्रदान किया गया, शिविर कार्यक्रम के समय बंदियों के साथ-साथ जेल के कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

## धर्मगुरुओं/गणमान्य व्यक्तियों के साथ की गयी पीस कमेटी की बैठक

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। क्षेत्राधिकारी पिपरी द्वारा थाना शक्तिनगर पर आगामी



त्यौहार दुर्गा पूजा व दशहरा को सकुशल सम्पन्न कराने के दृष्टिगत थाना क्षेत्र के विभिन्न धर्मों के धर्मगुरुओं तथा सम्भ्रान्त व्यक्तियों के साथ शान्ति समितिध्पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गयी। इस दौरान बैठक में उपस्थित विभिन्न धर्मगुरुओं एवं सम्भ्रान्त व्यक्तियों से वार्ता कर उपरोक्त त्योहारों को सौहार्द एवं शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की गयी साथ ही सभी से अपील की गयी कि अराजक तत्वों के सम्बंध में पुलिस एवं प्रशासन का सहयोग करें। इसके अतिरिक्त बैठक में उपस्थित अधिकारीध कर्मचारीगण को भी थाना क्षेत्र में सतर्क दृष्टि रखते हुए आगामी त्यौहारों को सकुशल व शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने हेतु पुलिस एवं प्रशासन का सहयोग करने की अपील की गयी।

## स्टूडेंट पुलिस कैडेट कार्यक्रम के छात्र/छात्राओं को विभिन्न स्थानों का कराया गया भ्रमण

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र डॉ0 यशवीर सिंह के निर्देशन




में स्टूडेंट पुलिस कैडेट के नोडल अधिकारी क्षेत्राधिकारी पिपरी प्रदीप सिंह चन्देल के मार्गदर्शन मे एवं एसपीसी के प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार सिंह के नेतृत्व में राजकीय बालिका इंटर कालेज रॉबर्ट्सगंज जनपद सोनभद्र के छात्रध्छात्राओं को स्टूडेंट पुलिस कैडेट कार्यक्रम के अंतर्गत गुरमा जेल, जिलाधिकारी कार्यालय, विकास भवन, जनपद न्यायालय, बालिका सुधार गृह, महिला थाना, पुलिस लाइन, पुलिस कार्यालय व यातायात कार्यालय का भ्रमण कराते हुए जानकारी प्रदान की गयी। पुलिस लाइन भ्रमण के दौरान प्रतिसार निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह मौजूद रहें।

## बाइस लाख छिहत्तर लाख में हुई 6 पोखरों की नीलामी

दैनिक बुद्ध का संदेश

उसका/सिद्धार्थनगर। नगर पंचायत उसका बाजार द्वारा





बुधवार को मत्स्य पालन हेतु तालाब एवं पोखरों की नीलामी हुई है। नीलामी एसडीएम व ईओ जितेंद्र सिंह यादव की देखरेख में सम्पन्न हुई है। नीलामी दोपहर बाद शुरू हुई। सभी पोखरों की नीलामी की जमानत राशि एक लाख रुपये रही। सबसे पहले काशीराम नगर वार्ड में स्थित पोखरे की नीलामी के लिए बोली लगाना शुरू हुआ। दिवाकर सहानी ने सबसे पहले एक लाख एक हजार की बोली लगाई। अंत मे 14 लाख पर दिनेश सहानी को पोखरा आवंटित हुआ। इसीतरह गांधी नगर में दो पोखरों की नीलामी एक लाख साठ हजार में गरीग व सात लाख सोलह हजार में पन्नेलाल को हुई। अशोक नगर में स्थित पोखरा की एक लाख पचास हजार, सुबास नगर की 13 लाख 50 हजार, राम नगर की 5 लाख में नीलामी हुई है। ईओ जितेंद सिंह यादव ने बताया कि शेष पोखरों की नीलामी प्रक्रिया 24 सितंबर को पूर्ण की जाएगी। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सुरेश यादव, सभासद अयोध्या शाहू, मनोज कुमार, अजय, अंगद सहानी, दिनेश, चन्द्र गुप्त जायसवाल, विजय पटवा, बृजेश यादव आदि रहे। सुरक्षा व शांति व्यवस्था स्थापित करने के लिए पुलिस के जवान भी तैनात रहे।

## जनपद सिद्धार्थनगर के महत्वपूर्ण नम्बर

| | |
|---|---|
| जिलाधिकारी | मो0:- 9454417530 |
| मुख्य विकास अधिकारी | मो0:- 9454464749 |
| एस डीएम नौगढ़ | मो0:- 9454415936 |
| एस डीएम बांसी | मो0:- 9454415937 |
| एस डीएम डुमरियागंज | मो0:- 9454415939 |
| एस डीएम इटवा | मो0:- 9454415939 |
| एस डीएम शोहरतगढ़ | मो0:- 9454415940 |
| पुलिस अधीक्षक | मो0:- 9454400305 |
| थाना मोहाना | मो0:- 9454404239 |
| थाना जोगिया उदयपुर | मो0:- 9454404235 |
| थाना गोलौरा | मो0:- 9454404233 |
| थाना पथरा बाजार | मो0:- 9454404240 |
| थाना त्रिलोकपुर | मो0:- 9454404243 |
| थाना उसका बाजार | मो0:- 9454404244 |

राष्ट्रीय दैनिक बुद्ध का संदेश

| | |
|---|---|
| थाना शोहरतगढ़ | मो0:- 9454404241 |
| थाना खेसरहा | मो0:- 9454404236 |
| थाना इटवा | मो0:- 9454404234 |
| थाना चिल्हिया | मो0:- 9454404229 |
| थाना ढेबरूआ | मो0:- 9454404230 |
| थाना भवानीगंज | मो0:- 9454404228 |
| थाना मिश्रौलिया | मो0:- 9454404238 |
| थाना सि0नगर | मो0:- 9454404242 |
| थाना डुमरियागंज | मो0:- 9454404232 |
| थाना लोटन | मो0:- 9454404237 |
| महिला थाना | मो0:- 9454404891 |

बुद्ध का संदेश

(हिन्दी दैनिक समाचार पत्र)

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स , ज्योति नगर मधुकरपुर, निकट-हीरो होण्डा एजेन्सी, जनपद-सिद्धार्थनगर (उ0प्र0) 272207 से मुद्रित एवं प्रकाशित।

आर.एन.आई. नं.-UPHIN/2012/49458

संस्थापक

स्व. के.सी. शर्मा

सम्पादक

राजेश कुमार शर्मा

9415163471, 9453824459

दैनिक बुद्ध का संदेश

9795951917,9415163471

@budhakasandesh

budhakasandeshnews@gmail.com

www.budhakasandesh.com

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट. के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन समस्त विवाद जनपद-सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।

# सबकॉन्शियस माइंड को मजबूत बनाए रखने के लिए अपनाएं ये पांच तरीके



सबकॉन्शियस माइंड यानी अवचेतन मन एक तरह की मार्गदर्शन प्रणाली है, जो हमारे पिछले अनुभव, विश्वास, याद और कौशल को इकत्र्हा करती है। इससे मतलब है कि जो कुछ आपने देखा, किया या सोचा वह सब आपके सबकॉन्शियस माइंड में स्टोर हो जाता है। अगर आप जीवन में सफलता और आनंद पाना चाहते हैं तो इसके लिए आपके सबकॉन्शियस माइंड का मजबूत होना जरूरी है। आइए सबकॉन्शियस माइंड को मजबूत बनाए रखने में मदद करने वाले पांच तरीके जानते हैं।

अच्छी चीजों की सराहना करें और अपनी संतुष्टी जताएं

जीवन में आपके पास जो कुछ भी है, उसके लिए धन्यवाद करें और अच्छी चीजों की सराहना करें। हमेशा कुछ चाहने या चीजों को बदलने का प्रयास करने की बजाय अपने पास उपलब्ध चीजों के लिए खुश रहें। इसके लिए आप एक पत्रिका में अपना आभार व्यक्त करें और अपने सबकॉन्शियस माइंड को यह विश्वास दिलाना शुरू करें कि आपको अधिक की आवश्यकता नहीं है और आपके पास जो कुछ भी है वह अभी के लिए पर्याप्त है।

हमेशा खुद को सकारात्मक रखने का प्रयास करें

हर दिन खुद को आगे बढने के लिए प्रेरित और प्रोत्साहित करें, क्योंकि कुछ छोटी–छोटी बातें आपके जीवन में सकारात्मकता और खुशियां लाने में मदद कर सकती हैं। नकारात्मक सोच या विचारों से बचें और अपने आप को सकारात्मक रखने की भरपूर कोशिश करें। इसके अलावा अपने लक्ष्यों, खुशी और सकारात्मक चीजों को लेकर अपनों से बातचीत करते रहें। इसी तरह सकारात्मक रहने वाले लोगों के साथ ज्यादा से ज्यादा समय बिताने का प्रयास करें।

विजुअलाइजेशन का अभ्यास करें

कान और नाक जैसी अपनी कुछ इंद्रियों का इस्तेमाल करके विजुअलाइजेशन का अभ्यास करें। जीवन दृष्टि पर स्पष्टता प्राप्त करने के लिए धीरे–ध ीरे चीजों की बनावट, रंग, स्पर्श और स्वाद को समझें और फिर तय करें कि आप अपने जीवन में क्या चाहते हैं। इसी तरह यह भी समझें कि आप अपनी जिंदगी कैसे जीना चाहते हैं और इसकी एक स्पष्ट छवि की कल्पना करें। यह तरीका आपको सटीक फैसला लेने में मदद कर सकता है।

खुद पर उंगली न उठाएं

आपके आस–पास के कुछ लोग आपकी क्षमताओं पर संदेह कर आपको खुद पर उंगली उठाने पर मजबूर कर सकते हैं, लेकिन आपको इन सब से बचना चाहिए। नकारात्मकता से बचने के लिए आपको अपने स्वयं के निर्णयों पर ध्यान देना होगा। जब आप किसी काम से डरते हैं या असहज महसूस करते हैं तो अपने आप से सवाल करें कि आप ऐसा क्यों महसूस कर रहे हैं। इसके बाद शांत होकर अपने काम को फिर से करने की कोशिश करें।

नियमित रूप से मेडिटेशन करें

सबकॉन्शियस माइंड मजबूत करने के लिए एक्सरसाइज के रूप में मेडिटेशन करना भी अच्छा उपाय है। रोजाना मेडिटेशन करने से मस्तिष्क के तंत्रिका मार्ग बदल जाते हैं, जो नकारात्मक कारकों को दूर करने में सहायता करते हैं। इसके लिए सबसे पहले जमीन या कुर्सी पर सीधे बैठ जाएं और अपनी आंखों को बंद कर तेजी से ? का जाप करें या सकारात्मक सोचें। रोजाना इस प्रक्रिया को पांच–छह बार दोहराएं।

## म्यूजिक वीडियो आसमान से भारत में डेब्यू करेंगी पूर्व मिस वर्ल्ड बुल्गारिया मार्गो कूपर


पूर्व मिस वर्ल्ड बुल्गारिया मार्गो कूपर भारत में पदार्पण करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। वह वत्सल सेठ के साथ नए म्यूजिक वीडियो आसमान में दिखाई देंगी। पिछले काफी समय से भारत



में रह रहे मार्गो इसको लेकर बेहद उत्साहित हैं। संगीत वीडियो के बारे में बोलते हुए उन्होंने कहा, टीम बहुत पेशेवर है और वे सभी अच्छे इंसान हैं दृ मेरे लिए बहुत महत्वपूर्ण कारक है। संगीत वीडियो अलीबाग में शूट किया गया है। पहले संगीत वीडियो के बारे में आगे कहते हुए उन्होंने कहा, आपको जो पसंद है उसे करने के लिए जीवन में कुछ भी बेहतर नहीं है और मैं बहुत भाग्यशाली हूं कि मुझे इतनी अद्भुत टीम के साथ मेरा पहला अनुभव मिला। हालांकि भाषा हिंदी है, लेकिन यह कोई चुनौती नहीं है क्योंकि मैं इस गाने की पटकथा और प्रेम कहानी जानती थी। भारत एक ऐसा देश है जहां संगीत वीडियो हमेशा दर्शकों द्वारा सराहे जाते रहे हैं। मार्गो ने कहा, मुझे लगता है कि यहां के दर्शकों को अच्छे □श्य, प्रेम कहानियां और संगीत पसंद हैं। यही कारण है कि संगीत वीडियो उद्योग हमेशा फिल्मों के साथ–साथ यहां खिलता रहेगा। संगीत वीडियो रिलीज हो चुका है।




## ब्रह्मास्त्र बनी साल की सबसे अधिक कमाई करने वाली बॉलीवुड फिल्म




ब्रह्मास्त्र ने रिलीज होते ही दुनियाभर में धूम मचा दी है। इस फिल्म के रिलीज होने के बाद से ही बॉक्स ऑफिस पर रौनक देखते ही बन रही है। काफी समय बाद किसी फिल्म को दर्शकों ने इतना प्यार दिया। फिल्म 9 सितंबर को रूपहले पर्दे पर आई थी। अब फिल्म के खाते में एक और उपलब्धि जुड़ गई है। ब्रह्मास्त्र इस साल की सबसे अधिक कमाई करने वाली बॉलीवुड फिल्म का खिताब अपने नाम कर चुकी है। ब्रह्मास्त्र ने दुनियाभर में 360 करोड़ रुपये की कमाई कर ली है। यह आंकड़ा छूने के साथ ही यह इस साल की सबसे अधिक कमाने वाली फिल्म बॉलीवुड फिल्म बन गई है। फिल्म ने अपनी रिलीज के 10 दिनों में यह कीर्तिमान रचा है। भारत में इस फिल्म ने 200 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई की है। खबरों की मानें तो इसे करीब 400 करोड़ रुपये के बजट में बनाया गया था। साल की दूसरी सबसे अधिक कमाई करने वाली फिल्म द कश्मीर फाइल्स है। फिल्म ने भारत में 252.90 करोड़ रुपये का कारोबार किया था। दुनियाभर में इसकी कमाई 340.92 करोड़ रुपये रही थी। विवेक रंजन अग्निहोत्री ने इसका निर्देशन किया था। भूल भुलैया 2 साल की तीसरी सबसे अधिक कलेक्शन करने वाली फिल्म है। आलिया की गंगूबाई काठियावाड़ी साल की चौथी सबसे अधिक कमाने वाली फिल्म है। जुग जुग जियो इस सूची में पांचवें स्थान पर है। बॉक्स ऑफिस पर ब्रह्मास्त्र की ओपनिंग ही शानदार रही थी। रिपोर्ट के अनुसार, इस फिल्म ने अपने ओपनिंड डे पर 36 करोड़ रुपये बटोरे थे। ओपनिंग वीकेंड में ही फिल्म 100 करोड़ रुपये के क्लब में शामिल हो गई थी। फिल्म ने ओपनिंग वीकेंड में 120.75 करोड़ रुपये का बिजनेस किया था। एक सप्ताह बाद फिल्म की कमाई का आंकड़ा 168.75 करोड़ रुपये तक पहुंच गया था। अयान ने ब्रह्मास्त्र में अस्त्रावर्स की नई दुनिया दिखाई है। फिल्म में अमिताभ बच्चन, मौनी रॉय और नागार्जुन भी मुख्य भूमिकाओं में हैं। अभिनेता शाहरुख खान फिल्म में कैमियो करते नजर आए हैं। फिल्म के जरिए रणबीर कपूर और आलिया भट्ट की जोड़ी पहली बार बड़े पर्दे दिखी। समीक्षकों ने स्क्रिप्ट को लेकर फिल्म की काफी आलोचना की, लेकिन यह फिल्म अपने वीएफएक्स की वजह से दर्शकों को खूब पसंद आई। ब्रह्मास्त्र सीरीज की बाकी दोनों फिल्में भी सिनेमाघरों में आएंगी। अयान ने पौराणिकता के आधार पर इस यूनिवर्स का निर्माण किया है। ब्रह्मास्त्र के आखिर में इसकी अगली फिल्म ब्रह्मास्त्र 2रू देव की घोषणा की गई है। यह फिल्म 2025 में रिलीज हो सकती है।

## सुपर गुड फिल्म्स की 100वीं फिल्म में काम करेंगे विजय?

अभिनेता जीवा ने खुलासा किया है कि मशहूर प्रोडक्शन हाउस सुपर गुड फिल्म्स की 100वीं फिल्म में अभिनेता विजय



मुख्य भूमिका निभा सकते हैं। प्रोडक्शन हाउस, जिसे पूव उन्नाकागा के निर्माण के लिए जाना जाता है, एक ऐसी फिल्म जिसे कई लोग विजय के करियर का टर्निंग पॉइंट मानते हैं, अब अपनी 96वीं फिल्म बनाने की प्रक्रिया में है।

हाल ही में मीडिया से बातचीत में, निर्माता आरबी चौधरी के बेटे अभिनेता जीवा, जो सुपर गुड फिल्म्स के मालिक हैं, जिन्हें तमिल सिनेमा में कई शीर्ष निर्देशकों और अभिनेताओं को पेश करने के लिए जाना जाता है, जब उनसे पूछा गया कि क्या प्रोडक्शन हाउस की वजह से करियर में बड़ा ब्रेक पाने वाले विजय इसकी 100वीं फिल्म में काम करने के लिए राजी होंगे। जीवा ने कहा, निश्चित रूप से। मैं मंच पर इसकी घोषणा कर रहा हूं। मेरा मानना है कि इस संबंध में एक सप्ताह पहले ही एक बैठक हुई थी और विजय सर ने कहा है कि वह सुपर गुड फिल्म्स की 100वीं फिल्म करेंगे। उन्होंने हंसते हुए कहा, मैंने भी अपने पिता से उस फिल्म में अभिनय करने का अवसर देने का अनुरोध किया है, भले ही इसका मतलब बिना वेतन के अभिनय करना हो।उन्होंने कहा, भगवान की मर्जी, ऐसा लग रहा है कि सुपर गुड फिल्म्स की 100वीं फिल्म में मुख्य भूमिका निभाने वाले विजय सर ही होंगे।

## स्विमिंग करते समय अपने बालों को क्लोरीन युक्त पानी से इन तरीकों से बचाएं



स्विमिंग सबसे अच्छी एरोबिक एक्सरसाइज में से एक है, जो न केवल आपके फिटनेस स्तर को बढ़ाती है बल्कि दिमाग और शरीर को भी आराम देती है। लेकिन पूल के पानी में क्लोरीन की मात्रा के कारण बालों को नुकसान हो सकता है। अगर आप रोजाना स्विमिंग करते हैं तो आइए आज हम आपको कुछ ऐसे तरीके बताते हैं, जिन्हें अपनाकर आप अपने बालों को क्लोरीन युक्त पानी के नुकसान से बचा सकते हैं।

अपने सिर पर तेल लगाएं

अपने बालों को क्लोरीन युक्त पानी से बचाने के लिए तेल लगाना पहला और सबसे महत्वपूर्ण तरीका है। तेल सिर के रोमछिद्रों पर एक सुरक्षित परत बना देता है, जिससे क्लोरीन युक्त पानी स्कैल्प में नहीं घुसता। इसलिए स्विमिंग से पहले अपने सिर पर पर्याप्त मात्रा में तेल लगाकर कुछ मिनट हल्के हाथों से मसाज करें। इसके लिए आप नारियल के तेल या फिर जैतून के तेल का इस्तेमाल करें।

नॉन क्लोरीन वाले पानी से अपना सिर गीला करें

अगर आप स्विमिंग से पहले सामान्य पानी से अपने सिर को गीला कर लेते हैं तो इसकी मदद से क्लोरीन युक्त पानी को अपने बालों में प्रवेश करने से रोक सकते हैं। तेल कोटिंग के साथ गीले बाल पूल के पानी से कम क्लोरीन को अवशोषित करते हैं, जिसके परिणामस्वरूप बालों को किसी भी तरह का नुकसान होने की संभावना कम हो जाती है।

लीव–इन कंडीशनर लगाएं

लीव–इन कंडीशनर की मदद से भी आप अपने बालों को क्लोरीन के पानी से होने वाले नुकसान से बचा सकते हैं। यह न केवल आपके बालों को पोषण देता है बल्कि पूल के क्लोरीन और अन्य हानिकारक रसायनों के खिलाफ सिर पर एक सुरक्षात्मक परत भी बनाता है। इसके अतिरिक्त, अगर आप किसी आउटडोर पूल में स्विमिंग करने वाले हैं तो अपने सिर पर सन प्रोटेक्टेंट हेयर स्प्रे का इस्तेमाल जरूर करें।

स्विमिंग कैप पहनें

बालों को क्लोरीन युक्त पानी से होने वाले नुकसान से बचाने के लिए स्विमिंग कैप पहनना सबसे अच्छा तरीका है। यह पूरे सिर को ढकता है और पानी को बालों के संपर्क में आने से रोकता है। साफ शब्दों में कहें तो इसकी मदद से आप अपने बालों को क्लोरीन युक्त पानी सुरक्षित रख सकते हैं। इसके लिए बस अपने स्विम वियर की मैचिंग कैप पहनकर स्विमिंग करें। इससे आप स्टाइलिश लगेंगे।

अपने सिर को माइल्ड क्लींजर से धोएं

जब आप एक बार अपना स्विमिंग सेशन खत्म कर लें तो इसके बाद अपने सिर को सामान्य पानी से गीला कर लें। इसके बाद अपने सिर पर एंटी–क्लोरीन शैंपू का इस्तेमाल करके अच्छे से धो लें। यह न केवल बालों और खोपड़ी से क्लोरीन के जमाव को हटाएगा बल्कि बालों को पोषण भी देता है। इसके अतिरिक्त, आप शैंपू के बाद लिव–इन कंडीशनर का भी इस्तेमाल कर सकते हैं।